mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-40 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
10 फरवरी 2025 सोमवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित




चैंपियंस ट्रॉफी से...
@ पेज 7

संक्षिप्त समाचार

## इमरान खान ने फिर दिखाये तेवर

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शहबाज शरीफ की सरकार से बातचीत करने से इनकार कर दिया है। इससे सरकार और इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के के बीच सुलह की गुंजाइशें खत्म हो गई हैं। पीटीआई के नेता उमर अयूब खान ने पार्टी और सरकार के बीच बातचीत फिर से शुरू होने की संभावना से



इनकार किया है। रविवार को मीडिया की एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली।

नेशनल असेंबली में पीटीआई के नेता अयूब ने शनिवार को एक चैनल से कहा, ''वार्ता का अध्याय अब बंद हो चुका है।'' अयूब ने कहा कि राजनीतिक वार्ता केवल इच्छाओं पर आधारित नहीं है बल्कि इसके लिए दृढ़ प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है और सरकार ऐसा प्रदर्शित करने में विफल रही। गठबंधन सरकार के वार्ता के दृष्टिकोण की निंदा करते हुए वरिष्ठ पीटीआई नेता ने कहा कि उनकी पार्टी की समिति ने सद्भावना के साथ चर्चा शुरू की थी। उन्होंने कहा, ''हालांकि, दूसरे पक्ष ने न तो सद्भावना दिखाई और न ही इच्छाशक्ति, जिससे गतिरोध पैदा हुआ। '' अयूब की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब पीटीआई और सरकार के बीच वार्ता ठप पड़ गई है, जो महीनों के बढ़े हुए राजनीतिक तनाव के बाद दिसंबर के अंत में शुरू हुई थी। पीटीआई ने नौ मई के दंगों और नवंबर 2024 के विरोध प्रदर्शनों की जांच के लिए न्यायिक आयोग बनाने में सरकार की विफलता का हवाला देते हुए चौथे दौर की वार्ता में भाग लेने से इनकार कर दिया है।

## गाजा से अचानक लौटने लगी इजरायल की सेना

**तेल अवीव (एजेंसी)।** करीब 15 महीने तक गाजा में मौत का तांडव मचाने और गाजा पट्टी को तहस-नहस करने के बाद इजरायली सेना ने अब गाजा से लौटना शुरू कर दिया है। इससे फिलिस्तीनियों ने राहत की सांस लेना शुरू किया है। बता दें किय इजरायली सेना की यह वापसी हमास



के साथ युद्ध विराम समझौते के तहत हो रही है। लिहाजा इजरायली सेना ने गाजा के एक प्रमुख गलियारे से हटना शुरू कर दिया है। इजरायली अधिकारी ने रविवार को बताया कि युद्धविराम समझौते के एक भाग के रूप में इजरायल ने नेत्ज़ारिम गलियारे से अपनी सेनाएं हटाने पर सहमति व्यक्त की थी। यह एक भू-पट्टी है जो उत्तरी गाजा को दक्षिणी गाजा से अलग करती है। इजरायली अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह बात कही, क्योंकि उन्हें मीडिया के साथ सैन्य टुकड़ियों की आवाजाही पर चर्चा करने का अधिकार नहीं था। इजरायल ने युद्ध विराम की शुरुआत में फिलस्तीनियों को युद्धग्रस्त उत्तरी क्षेत्र में अपने घरों की ओर जाने के लिए नेत्ज़ारिम पार करने की अनुमति देना शुरू कर दिया था। इसके अलावा क्षेत्र से सेनाओं की वापसी समझौते के प्रति एक और प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि रविवार को इजरायल ने कितने सैनिक वापस बुलाये थे। बयालीस दिवसीय युद्ध विराम अभी अपने आधे पड़ाव पर है और दोनों पक्षों को इसे बढ़ाने के लिए बातचीत करनी है, जिससे हमास की कैद से और अधिक इजरायली बंधकों को मुक्त कराया जा सके।

## लखनऊ में हिंदू परिवारों का हो रहा धर्म परिवर्तन

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के लखनऊ से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। इस मामले के सामने आने के बाद मौके पर जमकर हंगामा हुआ और पुलिस ने चर्च में मौजूद बड़ी संख्या में लोगों को पूछताछ के लिए



हिरासत में लिया है। लखनऊ में धर्म परिवर्तन को लेकर जमकर हंगामा हुआ है। लखनऊ के भरवारा क्षेत्र में धर्म परिवर्तन का आरोप लगाकर जमकर नारेबाजी की गई है। क्षेत्र वासियों ने आरोप लगाया है कि घर के अंदर बनाए गए चर्च में धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। हंगामे की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची और चर्च में मौजूद बड़ी संख्या में लोगों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। क्षेत्र वासियों का आरोप है कि बड़ी संख्या में हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा था। हंगामे की सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। राजधानी लखनऊ के छोटा भरवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत का ये मामला है। लोगों को रेस्क्यू करने के बाद गोमतीनगर एक्सटेंशन की पुलिस जांच में जुटी है। इस मामले में एडिशनल डीसीपी ईस्ट लखनऊ पंकज कुमार सिंह का बयान सामने आया है। 28 जनवरी को गाजियाबाद में एक महिला से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के बाद उसे धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने के आरोप में एक व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया था।

PM मोदी फ्रांस दौरे पर होंगे रवाना

# AI शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे PM

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा पर जा रहे हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य फ्रांस द्वारा आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) शिखर सम्मेलन में भाग लेना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के आमंत्रण पर इस शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।

साथ ही वह इस सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। यात्रा के पहले दिन यानी 10 फरवरी की शाम को प्रधानमंत्री मोदी शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य देशों के प्रमुखों (Heads of Governments/Heads of States) और अन्य प्रमुख नेताओं के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में हिस्सा लेंगे। इस रात्रिभोज का उद्देश्य देशों के प्रमुखों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करना है। विदेश सचिव



विक्रम मिस्त्री ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी की शाम को पेरिस पहुंचेंगे। उसी शाम विशेष रात्रिभोज का आयोजन है। यह रात्रिभोज मशहूर एलिसी पैलेस में होगा, जहां टेक क्षेत्र के कई मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) भी मौजूद होंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया कि यह तीसरा उच्च-स्तरीय AI शिखर सम्मेलन है। इससे पहले 2023 में यूके और 2024 में दक्षिण कोरिया में इसी तरह के सम्मेलन आयोजित किए गए थे। इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से भारत और फ्रांस के बीच टेक्नोलॉजी क्षेत्र में सहयोग को और मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा, ÷अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 12 और 13 फरवरी को अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे।÷

## अवैध बांग्लादेशियों पर कार्रवाई जारी



**मुंबई (एजेंसी)।** अवैध बांग्लादेशियों पर मुंबई पुलिस की कार्रवाई जारी है। इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए मुंबई पुलिस ने 16 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई को मुंबई पुलिस के जोन- 1 के अंतर्गत आने वाले पुलिस स्टेशन से 14 अलग-अलग टीमों ने अंजाम दिया है। इन पुलिस टीमों ने सिर्फ दो दिनों में मुंबई और उसके आस-पास के कई इलाकों से इन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की 14 अलग-अलग टीमों ने मानखुर्द, वाशी, कलंबोली, पनवेल सहित अन्य जगहों से इन आरोपियों को पकड़ा। इसके साथ ही दो अन्य बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था, उन्हें भी नोटिस भेजा गया है। इससे पहले बीते दिनों महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक चॉल में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 9 नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। सूचना के आधार पर पुलिस ने भिवंडी के ठाकुर पाड़ा इलाके में एक चॉल पर छापा मारा और इस समूह को गिरफ्तार किया था।

## प्रयागराज संगम स्टेशन को अगले आदेश तक किया गया बंद

महाकुंभ में भीड़ बढ़ने की वजह से बड़ा फैसला

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज में महाकुंभ की वजह से भीड़ बढ़ रही है। इस बीच एक बड़ा फैसला लिया गया है। बढ़ती भीड़ के बाद प्रयागराज संगम स्टेशन को अगले आदेश तक बंद किया गया है। बता दें कि प्रयागराज संगम स्टेशन, संगम से सबसे नजदीक है। स्टेशन की कुल क्षमता 1000 से 2000 लोगों की है लेकिन भीड़ ज्यादा होने की वजह से स्टेशन को बंद कर दिया गया है। हालांकि ट्रेनों का परिचालन नहीं रोका गया है। सभी स्टेशनों पर आरपीएफ के जवानों की तैनाती बढ़ा दी गई है। अधिकारियों को स्टेशन पर ही रहने के लिए आदेश दिया गया है, जिससे क्राउड मैनेजमेंट हो सके। आज 150 से अधिक स्पेशल ट्रेनों को चलाया जा चुका है। रात तक करीब 200 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। बसंत पंचमी के बाद अब महाकुंभ का अगला प्रमुख स्नान माघ पूर्णिमा के दिन संपन्न होगा। माघ पूर्णिमा के दिन स्नान-दान का खास महत्व होता है। ऐसे में महाकुंभ और माघ पूर्णिमा के शुभ संयोग में स्नान करने से कई गुना अधिक शुभ फलों की प्राप्ति होती है। माघ पूर्णिमा 12 फरवरी 2025 को मनाई जाएगी। इसी दिन प्रयागराज में महाकुंभ का मुख्य स्नान किया जाएगा। महाकुंभ का आखिरी प्रमुख स्नान 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन किया जाएगा। इसी दिन महाकुंभ मेले का समापन भी होगा।




## समानता के साथ समरसता कार्यक्रम

प्रयागराज में हुये कार्यक्रम, प्रमुख साधु-संतों के साथ शामिल हुए उत्तराखंड के सीएम

**प्रयागराज (एजेंसी)।** यूपी के प्रयागराज में समानता के साथ समरसता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी और परमार्थ निकेतन के प्रमुख चिदानंद सरस्वती समेत कई प्रमुख साधु-संत शामिल हुए।

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा, %उत्तराखंड आजादी के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। समान नागरिक संहिता सभी के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करेगी। समान नागरिक संहिता में ऐसा प्रावधान किया गया है कि अब कोई भी अपनी पहचान नहीं छुपा पाएगा। अब आफताब जैसा कोई व्यक्ति श्रद्धा जैसी बेटी के साथ क्रूरता नहीं कर पाएगा। मुझे पूरा विश्वास है कि भारत के सभी राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू होगी।% परमार्थ निकेतन के प्रमुख चिदानंद सरस्वती ने %भारत माता की जय% और %वंदे मातरम% के नारे लगवाए और कहा कि आज एक बहुत बड़ी घटना का महोत्सव है। इस देश को जिसकी आवश्यकता थी, उसका महोत्सव है। उन्होंने कहा कि आज हमारे साथ सभी पूज्य संत विराजमान हैं। मैं उन सबकी विद्वता को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि भारत में ईश्वर की आत्मा बसती है। लोग चारों धाम और तीर्थों को चुनते हैं लेकिन ये पहला अवसर है कि चारों धामों ने जिनको चुना है, ऐसे हमारे सीएम पुष्कर धामी हैं। ये हमारे देश का सौभाग्य है कि जिस प्रदेश में हम बैठे हैं, उसको नेतृत्व प्रदान करने के लिए उत्तराखंड की भूमि ने ही योगी आदित्यनाथ को दिया है।

चिदानंद सरस्वती ने कहा कि जो भूमि भारत के ऊर्जावान, तपस्वी, यशस्वी प्रधानमंत्री को सबसे ज्यादा प्रिय है, वह उत्तराखंड की भूमि है। वहां हिमालय और गंगा है। सीएम धामी को उसकी सेवा करने का मौका मिला है।




## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संगम में लगाएंगी डुबकी

आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान हर दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस बीच प्रयागराज के महाकुंभ में सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी डुबकी लगाएंगी। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी। इस दौरान संगम स्नान के साथ ही वह अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति सुबह संगम नोज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाएंगी। देश की प्रथम नागरिक का संगम में डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण होगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके उपरांत धार्मिक आस्था को और मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन करेंगी। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वह बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन करेंगी और पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। बयान के अनुसार राष्ट्रपति आधुनिक भारत और डिजिटल युग के साथ धार्मिक आयोजनों को जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल को समर्थन देंगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू डिजिटल महाकुम्भ अनुभव केंद्र का अवलोकन करेंगी, जिसमें महाकुम्भ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है। यहां देश-विदेश के श्रद्धालुओं को इस अद्भुत आयोजन को और अधिक निकटता से अनुभव करने के लिए इसे स्थापित किया गया है। राष्ट्रपति शाम पौने छह बजे प्रयागराज से वापस नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी। राष्ट्रपति का यह दौरा न केवल प्रयागराज के लिए ऐतिहासिक होगा, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए भी एक प्रेरणादायी क्षण होगा। उनकी उपस्थिति से महाकुम्भ के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को एक नई ऊंचाई मिलेगी।




## दिल्ली चुनाव को लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में AIMIM के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी पार्टी से दो उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा था। असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्लिम बहुल सीट ओखला से शिफा उर रहमान खान को और मुस्तफाबाद से ताहिर हुसैन को टिकट दिया था। इन दोनों सीटों पर ओवैसी को कामयाबी नहीं मिली। दोनों ही सीटों पर इनकी पार्टी के उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे। अब चुनाव नतीजे को लेकर असदुद्दीन ओवैसी का बयान आया है। ओखला और मुस्तफाबाद की जनता का शुक्रिया अदा करते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, ÷मजलिस अपनी लड़ाई जारी रखेगी।÷ ओवैसी ने ताहिर हुसैन, शिफा उर रहमान और अन्य लोगों की रिहाई के लिए दुआ करने की बात कही, जो पिछले 5 सालों से जेल में बंद हैं। दोनों दिल्ली दंगे के आरोपी हैं। इसके अलावा AIMIM चीफ ने सेक्युलर पार्टियों को भी निशाना बनाया।बता दें कि दिल्ली की ओखला विधानसभा सीट से एक बार फिर %आप% उम्मीदवार अमानतुल्लाह खान ने जीत हासिल की है। अमानतुल्लाह खान ने बीजेपी प्रत्याशी मनीष चौधरी को 23639 वोटों के अंतर से शिकस्त दी।



# 'देश ने जो कुछ भी हासिल किया है उसे बचाने की लड़ाई'



**वायनाड (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बीजेपी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतिहास में पहली

● **केंद्र सरकार पर प्रियंका गांधी का बड़ा हमला**

बार कोई सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र दोनों को कमजोर करने के प्रयास कर रही है। एरनाड विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के बूथ स्तर के नेताओं को संबोधित करते हुए वायनाड की सांसद प्रियंका ने कहा, ÷यह शायद हमारे देश के इतिहास में पहली ऐसी सरकार है जो संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयास कर रही है।÷ उन्होंने कहा, ÷आपको यह समझना चाहिए कि आज हम जो लड़ाई लड़ रहे हैं, वह सिर्फ हमारी अपनी राजनीति और विचारधारा की लड़ाई नहीं है, बल्कि भारत ने जो कुछ भी हासिल किया है उसे बचाने की लड़ाई है।÷ वायनाड की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन, प्रियंका ने मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि वह केंद्र और राज्य सरकार को, अधिक धन आवंटित करने के लिए पत्र लिखेंगी क्योंकि प्रभावी सुरक्षा उपायों के लिए पर्याप्त धन की आवश्यकता है। बैठक के बाद मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को एक बार पहले भी उठा चुकी हैं और आगे भी उठाती रहेंगी।

उन्होंने कहा, ÷यह ऐसा मुद्दा है जिस पर हमें गौर करने की जरूरत है, यह एक जटिल मुद्दा है क्योंकि इसका कोई आसान समाधान नहीं है। निश्चित रूप से, मैं जितना संभव होगा उतना दबाव डालूंगी।÷ प्रियंका ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों दोनों से धन प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा, ÷मैं इस मुद्दे को उठाऊंगी और सुनिश्चित करूंगी कि इसका समाधान निकाला जाए।÷

बूथ स्तर के नेताओं के साथ करेंगी बैठक

उन्होंने कहा कि बेहतर निगरानी, ??बेहतर सुरक्षा उपायों वन रक्षकों, चौकीदारों तथा इसमें शामिल अन्य लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए धन में वृद्धि जरूरी है। वह बाद में कोझिकोड जिले के तिरुवंबाडी विधानसभा क्षेत्र में एक और सभा में भाग लेंगी। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि सोमवार को वह वंडूर और नीलांबुर विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर के नेताओं के साथ बैठक करेंगी और जंगली जानवरों के हमलों में मारे गए कुछ लोगों के परिवारों से भी मिलेंगी। लोकसभा उपचुनाव जीतने के बाद यह उनका दूसरा वायनाड दौरा है।

## मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड प्रदेश के विकास के लिये प्रयासरत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड प्रदेश के विकास के लिये प्रयासरत है। किसान सड़क निधि अंतर्गत अब तक 7616.41 करोड़ रूपये अर्जित किये गये हैं। इस निधि से प्रदेश की सड़कों के विकास के लिये 4107.81 करोड़ रूपये मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित किये गये। किसान सड़क निधि से 2020.26 करोड़ रूपये अन्य विभागों के कार्यालयों को जारी किये गये हैं?। मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि कृषि अनुसंधान एवं अधोसंरचना विकास निधि अंतर्गत अब तक 756.95 करोड़ रूपये अर्जित किये गये हैं। इस राशि से 753.40 करोड़ रूपये विभिन्न संस्थाओं को अनुदान स्वरूप प्रदान किये गये हैं। गौ-संरक्षण तथा संवर्धन निधि में 479.30 करोड़ रूपये प्राप्त हुए हैं, जिसमें से मध्यप्रदेश गौ-पालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड को 478.50 करोड़ रूपये समस्त जिलों की गौ-शालाओं को अनुदान स्वरूप प्रदान किये गये हैं।

## मुख्यमंत्री ने एथलीट दीक्षा को दी बधाई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की एथलीट दीक्षा के.एम. और रितेश ओहरे को 38वें राष्ट्रीय खेल –2025 में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के महिला और पुरूष 1500 मीटर दौड़ इवेंट में रजत पदक अर्जित करने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एथलीट दीक्षा और रितेश ओहरे ने शानदार प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इन दोनों खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से दो रजत पदक प्राप्त होना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उत्तराखंड में 28 जनवरी से प्रारंभ राष्ट्रीय खेल – 2025 में विभिन्न मुकाबले खेले जा रहे हैं। यह आयोजन 14 फरवरी तक चलेगा।

## ड्रॉपआउट में पढ़ाई की रुचि पैदा करने दिए टिप्स

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** अक्षर ज्ञान की पाठशाला संस्था ने ड्रॉपआउट बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री और भोजन वितरित किया। खेल-खेल में पढ़ाई की टिप्स दीं। उद्देश्य बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाना था। कहानी सुनाने, आर्ट एंड क्राफ्ट और क्विज के सत्र आयोजित किए गए। अक्षर ज्ञान पीठ मस्ती की पाठशाला ने अ से अः तक कार्यक्रम आयोजित किया। फाउंडर राजीव जैन ने बताया कि इसका उद्देश्य बच्चों को स्कूल और पढ़ाई के तौर-तरीके समझाना था। बच्चों को शिक्षण और भोजन सामग्री दी गई। वहीं परपीड़ा संस्था ने भी वंचित बच्चों की मदद की। खिलौने, स्टील की बोतल, भोजन सामग्री और गर्म वस्त्र वितरित किए। अध्यक्ष राधेश्याम साबू ने बताया कि 2 से 17 साल के बच्चों की मदद की गई।

## बीएमएचआरसी में ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** ब्रेस्ट कैंसर के मामले हर साल 8-9 त्न के हिसाब से बढ़ रहे हैं। 2015 में ब्रेस्ट कैंसर के जहां डेढ़ लाख मामले सामने आए थे, ये संख्या अब बढ़कर दोगुनी हो चुकी है। हमारे देश में सभी प्रकार के कैंसर में केवल ब्रेस्ट कैंसर का ही प्रतिशत 28 प्रतिशत है। कैंसर एक ऐसा रोग है, जो अपनी जड़े चुपचाप फैलाता जाता है। यह बात बीएमएचआरसी के कैंसर रोग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. सोनवीर सिंह गौतम ने कही। उन्होंने कहा कि इससे बचाव के लिए 20 वर्ष की उम्र के बाद महिलाएं इसका स्वयं ही घर पर परीक्षण कर सकती हैं। खासतौर पर 40 साल की उम्र के बाद तो हर महिला को मेमोग्राफी की जांच प्रत्येक वर्ष अवश्य कराना चाहिए। यदि ब्रेस्ट कैंसर की पहचान प्रारंभिक स्तर पर हो जाए तो ये जंग जीती जा सकती है। लंबे इलाज की जरूरत नहीं पड़ती, कम पैसों में इलाज हो जाता है। क्वालिटी लाइफ अच्छी होती है। डॉ. गौतम ने कहा कि 40 की उम्र के बाद हर महिला को स्वयं की जांच करनी चाहिए कि ब्रेस्ट या एक्सिला में कोई गठान तो नहीं है। ब्रेस्ट निप्पल अंदर की ओर तो नहीं हो गया, उससे किसी प्रकार का कोई स्त्राव तो नहीं हो रहा। ब्रेस्ट की त्वचा का सिकुड़ना या गड्ढा होना। यदि इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई दे तो मेमोग्राफी जांच कराकर चिकित्सक से परामर्श कर उपचार शुरू करना ही एकमात्र तरीका है। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर को नजरंदाज नहीं करना चाहिए। किसी के परिवार में ब्रेस्ट कैंसर की हिस्ट्री है, तो उनमें यह कैंसर होने की संभावना ज्यादा हो सकती है। ब्रेस्ट में किसी भी प्रकार की गठान कैंसर की नहीं हो सकती, इसलिए परीक्षण कराना चाहिए। सोमवार से बीएमएचआरसी की महिला कर्मियों की मेमोग्राफी होगी।

## कर्मचारी संघ की सीएम को चिट्ठी- 4 साल बाद भी लागू नहीं हुई योजना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने सीएम को पत्र लिखकर स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने की मांग की। प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 4 जनवरी 2020 को मंत्रिपरिषद ने इस योजना को मंजूरी दी थी, लेकिन अब तक इसे क्रियान्वित नहीं किया गया। कोरोना काल के बाद कर्मचारी अपने स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। वर्तमान में चिकित्सा प्रतिपूर्ति नियमों के तहत कर्मचारी को खर्च का सिर्फ 20-30त्न ही वापस मिलता है। वहीं, यदि कोई खुद से बीमा कराता है, तो उसे हर साल 25 से 30 हजार रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं। संघ ने कहा कि यदि कम अंशदान पर स्वास्थ्य बीमा योजना लागू होती है, तो कोई आपत्ति नहीं होगी।

# उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने प्रयागराज में आयोजित ज्ञान महाकुम्भ-2081 में सहभागिता की

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने उत्तरप्रदेश के तीर्थराज प्रयागराज में, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के तत्वावधान में चल रहे ज्ञान महाकुम्भ-2081 के परिप्रेक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय भारतीय शिक्षा – राष्ट्रीय संकल्पना राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता की।



उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा के संदर्भ में विभाग के विविध प्रस्तुतीकरण की सराहना भी की। मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय सम्मेलन के व्यापक चिंतन-मंथन से भारतीय ज्ञान परम्परा के संदर्भ में निकलने वाले निष्कर्ष को पाठ्यक्रमों में समाविष्ट करेंगे। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसरण में भारतीय दृष्टि से समृद्ध शिक्षा की ओर बढ़ने में गति मिलेगी।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ. धीरेंद्र शुक्ल ने बताया कि प्रदेश में विविध सेमिनार और वेबिनार से प्राप्त महत्वपूर्ण अनुशंसाओं के आधार पर प्रकाशित भारतीय ज्ञान परम्परा से समृद्ध पुस्तकों को, स्टॉल में अवलोकन के लिए रखा है। क्यूआर कोड भी प्रदर्शित किया गया है, इसे स्कैन करके विभागीय वेबसाइट पर भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित पुस्तकों का संग्रह देखा जा सकता है। डॉ शुक्ल ने बताया कि स्टॉल में भारतीय ज्ञान परम्परा विविध संदर्भ को लेकर आयोजित की गईं विविध कार्यशालाओं का भी वीडियो से प्रेजेन्टेशन किया जा रहा है।

## अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की योजनाओं की प्रबंध संचालक ने की समीक्षा



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्री सीबी चक्रवर्ती एम. ने आज भोपाल में कम्पनी द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा की। एमडी श्री चक्रवर्ती ने योजनाओं की भौतिक और वित्तीय स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रति माह के लक्ष्य और उपलब्धि की सूक्ष्म योजना बनाई जाये। योजना को टाइम फ्रेम पर पूरा किया जाये। प्रत्येक इकाई और निर्माण स्थलों पर पर्याप्त संख्या में मानव संसाधन उपलब्ध होना चाहिए।

बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी 60 जल प्रदाय योजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है। प्रदेश में 8 सीवरेज परियोजनाओं का काम पूरा कर लिया गया है। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी, एशियन डेवलपमेंट बैंक, विश्व बैंक, जर्मन बैंक, केएफडब्ल्यू और विशेष निधि से प्राप्त राशि से जल प्रदाय और सीवरेज परियोजनाओं का कार्य कर रही है। बैठक में एडिशनल एमडी श्री के.एल. मीणा, प्रमुख अभियंता श्री आनंद सिंह ने संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## जेपी अस्पताल में नए ट्रॉमा और इमरजेंसी भवन का रास्ता साफ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जेपी अस्पताल में नए ट्रॉमा और इमरजेंसी भवन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अस्पताल प्रबंधन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मदद से नई बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी ग्राउंड फ्लोर में ट्रामा और इमरजेंसी विभाग शिफ्ट किया जाएगा। अभी जेपी अस्पताल में 7 बेड का ट्रामा सेंटर है, लेकिन नई बिल्डिंग में यह 20 बिस्तरों का हो जाएगा।




इसके बाद मरीज को ट्रामा में स्टेबलाइज कर संबंधित विभाग में भेजा जाएगा। बता दें कि नया भवन मौजूदा ट्रॉमा और इमरजेंसी ब्लॉक से जुड़ा होगा और इसे नाले की ओर दो मंजिला बनाया जा रहा है। चोट के मरीजों और इमरजेंसी मरीजों के लिए अलग-अलग वार्ड बनाए जाएंगे। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के लिए विशेष कक्ष होंगे, जिससे मरीजों को तेजी से इलाज मिल सकेगा।

## नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला- 2025 में मध्यप्रदेश की पुस्तकें बनीं आकर्षण का केंद्र

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में 9 फरवरी तक चल रहे नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले- 2025 में मध्यप्रदेश की पुस्तकें खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मेले में हॉल नंबर 2 के आर-59 में शासन के पर्यटन विभाग और संस्कृति विभाग का संयुक्त स्टॉल तथा पी-06 में मप्र हिन्दी ग्रन्थ अकादमी का स्टॉल लगाया गया है। पर्यटन और संस्कृति विभाग के स्टाल में भोपाल और उज्जैन के प्रतिष्ठित प्रकाशकों जैसे स्वराज संस्थान, धर्मपाल शोधपीठ, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, वीर भारत न्यास, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, आचार्य शंकर




सांस्कृतिक एकता न्यास तथा हिन्दी साहित्य अकादमी की पुस्तकें विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। इन पुस्तकों के माध्यम से राज्य के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, कला-संस्कृति, पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहर और पुरातत्व जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया है। राज्य के प्रसिद्ध साहित्यकारों की रचनाएं भी यहां उपलब्ध हैं। गांधी दर्शन, अद्वैत वेदांत दर्शन, लोकगीत तथा देवी-स्तुति गीत, भित्ति चित्र, लोक तथा जनजातीय कला जैसे विषयों पर आधारित दुर्लभ पुस्तकों को पाठक खूब पसंद कर रहे हैं। पुस्तकालय संचालक, शोधकर्ता, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र भी बड़ी संख्या में स्टॉल पर पहुंच रहे हैं। पर्यटक और प्रकृति प्रेमी पर्यटन विभाग के प्रकाशन - मध्यप्रदेश गाइड मैप, वाइल्ड एमपी, उज्जैन– द लिविंग लेजेंड, बुंदेलखंड– द हार्ट बीट ऑफ एमपी,सतपुड़ा और बर्ड्स ऑफ भोपाल किताबों में विशेष रूचि ले रहे हैं। मप्र हिन्दी ग्रन्थ अकादमी के स्टॉल में राज्य के नाट्य संग्रह, काव्य शास्त्र, विज्ञान, समाजशास्त्र, व्याकरण, बुन्देली साहित्य, भारतीय कला और दर्शन, इत्यादि की पुस्तकें उपलब्ध हैं।

## 2 करोड़ से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण व भूमि-पूजन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि शहीदों की यशभूमि आने वाली पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम का संदेश देगी। यह भूमि आने वाली पीढ़ी को अमर बलिदानियों के शहादत को याद रखने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा शहर में स्थित शौर्य भूमि नैकहाई में 1703 के बुंदेला युद्ध एवं 1796 के पेशवा युद्ध के अमर बलिदानियों के पुण्य-स्मरण समारोह संगम तीर्थ की बाउण्ड्रीवॉल प्रवेश एवं निर्गम द्वार का लोकार्पण किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने छतरियों के जीर्णोद्धार, कीर्ति स्तंभ, संग्रहालय, बावड़ी एवं मंदिर निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य आगामी एक वर्ष में पूर्ण कर लिए जाएं। उप मुख्यमंत्री ने लगभग 75 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा एक करोड़ 25 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए राजनैतिक इच्छाशक्ति आवश्यक होती है। शहीदों की पुण्यभूमि के पुनरूद्धार के लिए श्री लालबहादुर सिंह व श्री बृहस्पति सिंह ने प्रयास किए और आने वाले 8 फरवरी 2026 को यह शौर्य स्मारक पूर्णत– सौन्दर्यीकृत व सुसज्जित होकर इतिहास रचेगा, जिससे यहाँ आने वाले लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीवा में पर्यटकों को इस वीर भूमि के दर्शन होंगे जहाँ महारानी कुंदन कुमारी के नेतृत्व में वीरता का इतिहास अंकित हुआ था जिसे चिरस्थाई बनाया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि बुजुर्गों और महान व्यक्तियों के शुभ आशीर्वाद से रीवा विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। हमें अपने पितरों की पूजा अर्चना करनी चाहिए, क्योंकि इन्हीं के आशीर्वाद से सुख-समृद्धि व विश्वास आता है।

# बाघ-तेंदुआ ने ऐसे रास्ते चुने, जिनसे दशकों पहले उनके पूर्वज आते-जाते थे

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** वन्य प्राणी उन रास्तों का चयन कर रहे हैं, जो उनके पूर्वजों के रहे हैं। हालांकि उनकी मां ने कभी उन्हें आनुवंशिक विरासत से रूबरू नहीं कराया। यह निष्कर्ष खिवनी से भोपाल आए एक तेंदुए, भोपाल से नौरादेही पहुंचे बाघ और महू से रायसेन पहुंचे बाघ के जेनेटिक इनहेरिटेंस के विश्लेषण से निकला है। विशेषज्ञों ने सभी संभागों से जानकारी मंगाकर अध्ययन किया तो पता चला कि मप्र में 11 आनुवांशिक कॉरिडोर का उपयोग बाघ-तेंदुआ कर रहे हैं। पन्ना टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर रहे आर श्रीनिवास मूर्ति का कहना है कि बाघ-तेंदुआ का आनुवांशिक कॉरिडोर होता है। वह उस स्थान पर पहुंच जाता है, जहां उसके पूर्वज आवाजाही करते थे। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ शुभरंजन सेन का कहना है कि बाघ व तेंदुआ, सुरक्षित कॉरिडोर का उपयोग कर रहे हैं। इनके कॉरिडोर की निगरानी की जा रही है।



1. भोपाल के जंगल में एक तेंदुआ देवास, महू, नौरादेही यानी 127 किमी लंबे रास्ते से आया है। इसे खिवनी सेंचुरी में रेडियो कॉलर लगाकर छोड़ा था। जाहिर है, इसने आनुवांशिक कॉरिडोर का उपयोग किया है।

2. भोपाल से निकलकर एक बाघ रायसेन में कुछ दिन रहा। फिर नौरादेही सेंचुरी पहुंच गया। रायसेन डीएफओ विजय कुमार ने बताया कि ट्रैप कैमरे के फोटो से मिलान किया तो पता चला, बाघ ने अपनी नई टेरिटरी नौरादेही में बना ली है।

3. महू में शिकारियों से बचकर रायसेन पहुंचा बाघ सतपुड़ा नेशनल पार्क के बाड़े में है। इसने जंगल में एक व्यक्ति पर हमला कर दिया था। ग्रामीणों के आक्रोशित होने पर उसे रेस्क्यू किया गया। उसके बाद सतपुड़ा में छोड़ा गया।

भोपाल के बाघों का मूवमेंट देवास, इछावर की ओर होने से विशेषज्ञ सोच में पड़ गए, क्योंकि कई दशक पहले तक वहां टाइगर नहीं था। तब भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून ने बाघों के जेनेटिक इनहेरिटेंस का विश्लेषण कर 11 कॉरिडोर मप्र में तलाश किए। पता चला, कभी बाघों का भोपाल से लेकर ओंकारेश्वर तक कॉरिडोर था। फिर बस्तियां बसने से मूवमेंट कम हो गया। अब बाघों की संख्या बढ़ने से टेरिटोरियल फाइट की संभावना बढ़ी है।

# हमीदिया के मरीजों को बना दिया भिखारी... जबरन पकड़कर ले गए शेल्टर होम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** शहर को भिखारीमुक्त बनाने के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। जिम्मेदारों ने भिखारियों को पकड़ने से लेकर उनकी देखरेख तक का जिम्मा एक संस्था को दिया है। लेकिन, संस्था के पास न पर्याप्त स्टाफ है और न वाहन। यही वजह है कि तीन दिन पहले धरपकड़ शुरू होने के बाद भी शेल्टर होम में 6 बुजुर्ग ही पहुंचे हैं। इनमें सड़क पर भीख मांगने वाला कोई नहीं है। शेल्टर होम में 3 व्यक्ति हमीदिया अस्पताल परिसर से लाए गए हैं, जो इलाज के लिए अस्पताल के रैन बसेरा में ठहरे थे।

शुक्रवार दोपहर कोलार सीएचसी से सटकर बने भिखारी शेल्टर होम में एक ई-रिक्शा चार लोगों को लेकर पहुंचा। इनको हॉल में जाकर रुकने को कहा गया। झागरिया



निवासी मनोहर विश्वकर्मा बुधवार को हमीदिया आए थे। 11 फरवरी को सर्जरी होगी, इस कारण वहीं रुके थे।

संस्था की संचालक संगीता निरलोर से पूछने पर उन्होंने कहा कि हमें काम तो सौंप दिया है, लेकिन भिखारियों को लाने के लिए वाहन की व्यवस्था तक नहीं की गई है। हम अपने स्तर पर ई-रिक्शा के माध्यम से ही भिखारियों को ला रहे हैं। धीरे-धीरे संख्या बढ़ रही है। अभी जो भी लोग यहां ठहरे हैं, दो-तीन दिन में ही लाए गए हैं। संस्था का काम? भिखारियों को लाकर शेल्टर होम में रखना है। गाड़ी और कर्मचारियों की व्यवस्था उन्हें ही करना है। संख्या बढ़ाने के लिए मरीजों को ला रहे हैं तो यह गलत है। कार्रवाई होगी।

## महज 15 दिन के भीतर दहेज प्रताड़ना संभव नहीं?

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** तलाक के बाद भी खुद को पत्नी बताकर पूर्व पति से लाखों रुपए वसूलने वाली महिला को कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने महिला का दावा खारिज करते हुए टिप्पणी की कि महज 15 दिन में दहेज प्रताड़ना संभव नहीं। जब 2014 में ही तलाक हो चुका था, तो महिला को भरण-पोषण लेने का अधिकार नहीं था। दरअसल, महिला की शादी 2014 में हुई और एक महीने बाद पति ने एकतरफा तलाक दे दिया। म?हिला ने 2015 में कोर्ट में केस दर्ज किया और तलाक की बात को अस्वीकार करते हुए भरण-पोषण का दावा किया। जिस पर कोर्ट ने भरण-पोषण दिए जाने का आदेश दिया।

# 2 साल से फरार गांजा तस्कर गिरफ्तार

## छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी से पकड़ाए दोनों आरोपी




**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली पुलिस ने छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी जिले से दो गांजा तस्करों को रविवार को गिरफ्तार किया है। महाजन कुशवाहा और शिवलाल सिंह नाम के ये आरोपी सितंबर 2023 से फरार चल रहे थे। पुलिस ने इन पर 4,000 और 2,000 का इनाम घोषित कर रखा था।

निवास चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रियंका सिंह ने बताया कि पिछले साल 24 सितंबर को पुलिस ने बसंत लाल साहू नाम के एक तस्कर को 16 किलो 750 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में बसंत ने खुलासा किया था कि उसने यह गांजा छत्तीसगढ़ के महाजन कुशवाहा और शिवलाल सिंह से खरीदा था।

बसंत की गिरफ्तारी के बाद से दोनों आरोपी फरार थे। पुलिस लगातार इनकी तलाश कर रही थी, लेकिन वे लगातार अपना ठिकाना बदल रहे थे। आज मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी थाना जनकपुर क्षेत्र में देखे गए हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

कार्रवाई में निवास चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह के अलावा सहायक उप निरीक्षक त्रिवेणी पाल, दीप नारायण शामिल रहे। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# बाइक से गिरे युवक को ट्रक ने कुचला

## मौके पर मौत, दूसरा घायल, पहले दो बाइक में भिड़ंत हुई




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी में रविवार शाम दो बाइक आपस में भिड़ गईं। राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर ग्राम रजडीहा के पास बाइक सवार सड़क पर गिर गया। सामने से आ रहे हाईवा ने उसे कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत होगी। एक अन्य भी हादसे में घायल हुआ है।

जानकारी के अनुसार, एक बिना नंबर की बाइक बहरी की ओर जा रही थी और दूसरी बाइक (एमपी 66 एमजी 5523) सीधी की तरफसे आ रही थी। दोनों वाहनों की टक्कर के बाद एक युवक सड़क पर गिर गया, जिसे (एमपी 53 एसी 5309) हाईवा ट्रक ने कुचल दिया।

**मृतक नहीं हो पाई शिनाख्त:** कोतवाली थाना प्रभारी अभिषेक उपाध्याय के अनुसार, पुलिस मृतक और घायल की पहचान के लिए प्रयासरत है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और घायल का इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शी राजभान साकेत ने बताया कि हादसा बेहद भयानक था। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है।

# 8 लाख के जेवरात बरामद, पुलिस ने दो महिलाओं और तीन नाबालिग को गिरफ्तार किया



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी में रविवार को पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी के आरोप में दो महिलाओं समेत तीन नाबालिग को पकड़ा है। आरोपियों के पास से कुल 8 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

**तीन अलग-अलग जगहों पर चोरी की वारदात:** जांच में सामने आया कि जनवरी माह में तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदातें हुईं। 13 जनवरी को अर्जुन नगर में करूणा कुशवाहा के घर से चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर जेवरात और 1800 रुपये नकद चुराए। इसी इलाके में 24 जनवरी को विनोद द्विवेदी के घर में दिनदहाड़े चोरी हुई। तीसरी वारदात 17-18 जनवरी की रात हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हुई, जहां से लगभग 3 लाख रुपए के आभूषण चोरी हुए। पुलिस ने मामले में 2 महिलाओं समेत तीन नाबालिग को पकड़ा है। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूला है।

# 3 दिन में तीसरी चोरी की वारदात

## किराना दुकान का ताला चटकाया, 50 हजार का माल चुराया



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल जिले में चोरों का आतंक लगातार जारी है। ताजा मामला ब्यौहारी थाना क्षेत्र के बोचरो गांव का है। जहां एक किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार रुपए की चोरी कर ली। यह जिले में पिछले तीन दिनों में हुई तीसरी चोरी की वारदात है।

दुकान मालिक राम प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि शाम को दुकान बंद कर घर चले गए थे। रविवार सुबह जब दुकान पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था और अंदर का सामान गायब था। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि चोरों ने नकदी के साथ किराना सामान भी चुराया है।

इससे पहले दो दिन पहले सिंहपुर थाना क्षेत्र में एक किराना दुकान से लाखों रुपए की चोरी हुई थी। इसके एक दिन पहले बुढार थाना क्षेत्र में रिटायर्ड कोलियरी कर्मचारी के घर से भी लाखों की चोरी की वारदात हुई थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस अभी तक चोरों को पकड़ने में नाकाम रही है, जिससे चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

# हाईस्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 27 से प्रात: 8.30 बजे के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश की नहीं होगी अनुमति

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हाईस्कूल कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा 27 फरवरी से आरंभ हो रही है। हाईस्कूल की परीक्षा 27 फरवरी से 21 मार्च तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है।

कक्षा 10वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र गुरूवार 27 फरवरी को हिंदी का होगा। शुक्रवार 28 फरवरी को उर्दू तथा शनिवार एक मार्च को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेम वर्क के समस्त विषयों तथा आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का प्रश्न पत्र होगा। सोमवार 3 मार्च को अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा। बुधवार 5 मार्च को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी के प्रश्न पत्र तथा मूक बधिर और दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, गायन वादन, तबला पखावज और कम्प्यूटर का प्रश्न पत्र होगा। गुरूवार 6 मार्च को संस्कृत, सोमवार 10 मार्च को गणित, गुरूवार 13 मार्च को सामाजिक विज्ञान तथा शुक्रवार 21 मार्च को विज्ञान के प्रश्न पत्र की परीक्षा आयोजित होगी।

## बारात वाले घर में मिला नवजात का शव

# जैतपुर में जिस कमरे में रुके थे घराती और बाराती उसमें मिली लाश



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल के जैतपुर थाना क्षेत्र में एक घर में जहां शादी समारोह चल रहा था। वहीं एक नवजात बच्ची का शव मिला है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात को एक घर में बारात आई थी और सभी रस्में संपन्न होने के बाद रविवार सुबह दुल्हन की विदाई हो गई।

विदाई के बाद जब परिवार के सदस्य घर के निर्माणाधीन कमरे में पहुंचे, जहां बाराती और घराती ठहरे थे। वहां एक नवजात बच्ची का शव देखकर सभी सन्न रह गए। परिवार ने तुरंत आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से पूछताछ की, लेकिन किसी को भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

मामले की सूचना मिलते ही जैतपुर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में पुलिस का मानना है कि बच्ची का जन्म कुछ घंटे पहले ही हुआ था। पुलिस के सामने अब कई सवाल हैं - नवजात को जन्म किसने दिया, कब दिया और इतने लोगों की मौजूदगी में यह सब कैसे हुआ। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

# अवैध शराब तस्करी का आरोपी गिरफ्तार, 24 हजार कीमत की 350 पाव शराब जब्तय जेल भेजा



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना (निप्र)।** पन्ना-अमानगंज मार्ग स्थित अमझरिया गांव में आबकारी पुलिस ने रविवार सुबह एक युवक को 350 पाव अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त की गई शराब की कीमत 24,500 रुपए आंकी गई है।

दरअसल, आरोपी हरिसिंह राजपूत (26) शाहनगर थाना अंतर्गत पुरैना, जिला पन्ना का निवासी है। पुलिस को सूचना मिली थी, कि आरोपी बिना नंबर की बजाज प्लेटिना बाइक से कटनी से पन्ना की ओर शराब ले जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे रास्ते में दबोच लिया।

आरोपी राजपूत के पास शराब का कोई वैध परमिट और लाइसेंस नहीं मिला। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 24 हजार 500 रुपए आंकी गई है। आरोपी हरिसिंह को पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पांडेय के अनुसार, आरोपी के पास शराब का कोई वैध परमिट या लाइसेंस नहीं मिला। उसे मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पन्ना भेज दिया गया है।

# हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 25 से, परीक्षा कक्ष में प्रात:8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा 25 फरवरी से आरंभ हो रही है। हायर सेकण्डरी की परीक्षा 25 फरवरी से 25 मार्च तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है।

कक्षा 12वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र मंगलवार 25 फरवरी को होगा। इस दिन हिन्दी का प्रश्न पत्र होगा। शुक्रवार 28 फरवरी को अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा। शनिवार एक मार्च को उर्दू और मराठी का प्रश्न पत्र होगा। मंगलवार 4 मार्च को एनिमल हस्बैण्डरी मिल्क ट्रेड पोल्ट्रीफार्मिंग एवं फिशरीज, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास, अर्थशास्त्र तथा फिजिक्स का प्रश्न पत्र होगा। बुधवार 5 मार्च को बायोटेक्नॉलाजी, गायन वादन एवं तबला पखावज का प्रश्नपत्र होगा। गुरूवार 6 मार्च को ड्राइंग एण्ड डिजाइन का प्रश्न पत्र होगा। शुक्रवार 7 मार्च को भूगोल, क्रॉप प्रोडक्शन एण्ड हार्टिकल्चर, स्टिल लाईफएण्ड डिजाइन, शरीर रचना क्रिया-विज्ञान एवं स्वास्थ्य का प्रश्नपत्र होगा।

शनिवार 8 मार्च को बायलॉजी, सोमवार 10 मार्च को मनोविज्ञान, मंगलवार 11 मार्च को इन्फॅारमेटिक प्रेक्टिसेस तथा बुधवार 12 मार्च को संस्कृत का प्रश्न पत्र होगा। सोमवार 17 मार्च को केमिस्ट्री, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलिमेंट आफ साइंस एण्ड मेथमेटिक्स यूजफुल फार एग्रीकल्चर, ड्राइंग एण्ड पेंटिंग और गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान के प्रश्न पत्र की परीक्षा होगी। गुरूवार 20 मार्च को समाजशास्त्र तथा शुक्रवार 21 मार्च को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेम वर्क के सभी विषय और शारीरिक शिक्षा का प्रश्नपत्र होगा। शनिवार 22 मार्च को कृषि, होम साइंस (कला समूह) तथा बुककीपिंग एण्ड एकाउंटेन्सी का प्रश्न पत्र होगा। सोमवार 24 मार्च को राजनीति शास्त्र तथा मंगलवार 25 मार्च को गणित का प्रश्न पत्र होगा।

# पहली बार एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता

## अटल बिहारी जनशताब्दी वर्ष पर भाजपा विशेष कार्यक्रम, सतना से आए विशेषज्ञों ने दिए टिप्स



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली में पहली बार एयर राइफल निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया। बैढन जिला मुख्यालय स्थित अटल बिहारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के खेल प्रकोष्ठ ने किया।

भाजपा खेल प्रकोष्ठ के संयोजक मृत्युंजय प्रताप सिंह ने बताया कि यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जनशताब्दी वर्ष के अवसर पर किया गया है। उन्होंने कहा कि सिंगरौली में लंबे समय से एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता की मांग की जा रही थी, लेकिन आज तक किसी स्कूल या संस्थान में इसका आयोजन नहीं हुआ था।

प्रतियोगिता में एक दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सतना से आए शूटिंग विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को निशानेबाजी के महत्वपूर्ण गुर सिखाए और उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक रामनिवास के हाथों किया गया।

आयोजकों का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली निशानेबाजों को पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है।

# साइबर सुरक्षा को लेकर छतरपुर में निकली जागरूकता रैली

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में साइबर सुरक्षा को लेकर रविवार को पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर 1 से 11 फरवरी तक चल रहे श्सेफ क्लिकश् अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में साइबर सेल की टीम के साथ ट्रैफिक प्रभारी बृहस्पति साकेत और ट्रैफिक वार्डन भी मौजूद थे। रैली के दौरान लोगों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी वाले पंपलेट वितरित किए गए।

रैली का मुख्य आकर्षण छत्रसाल चौराहे पर ट्रैफिक वार्डन द्वारा प्रस्तुत किया गया नाटक था, जिसमें साइबर सुरक्षा के महत्व को प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचाया गया। इस दौरान साइबर ठगी के शिकार कुछ लोगों ने भी अपने अनुभव साझा किए, जिससे आम जनता को सतर्क रहने का संदेश मिला।

**साइबर अपराधों की रोकथाम पर केंद्रित है अभियान:** साइबर सेल के इंचार्ज किशोर पटेल ने बताया कि ये अभियान वित्तीय धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटॉर्शन और महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों की रोकथाम पर केंद्रित है। अभियान के तहत लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है और उन्हें सतर्क रहने की शपथ दिलाई जा रही है।

# मंदिर से लौट रही बुजुर्ग से लूटपाट

## 72 वर्षीय महिला से 2 लाख के गहने और चांदी के वर्तन लूटे



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल में रविवार सुबह न्यू गांधी चौक पर दो अज्ञात बदमाशों ने 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला से लूटपाट की। घटना सुबह लगभग 11 बजे की है, जब पीड़िता गीता जैन जैन मंदिर में पूजा करने के बाद अपने घर लौट रही थीं।

**बदमाशों ने चांदी के वर्तन भी लूटे:** न्यू बस स्टैंड के पास रहने वाली गीता जैन वन विभाग कार्यालय के सामने ऑटो का इंतजार कर रही थीं। यह क्षेत्र शहर का सबसे व्यस्त इलाका माना जाता है, जहां हर मिनट 2-3 ऑटो का आवागमन होता है। इसी दौरान दो अज्ञात बदमाश आए और महिला के गले से मंगलसूत्र और कानों से टॉप्स छीन लिए। इतना ही नहीं बदमाशों ने उनके हाथ में रखे पूजा के सामान वाले थैले को भी छीन लिया, जिसमें चांदी के बर्तन और नकदी थी।

पीड़ित गीता जैन ने बताया है कि लूटे गए सामान की कुल कीमत करीब 2 लाख रुपए है, जिसमें एक तोले से अधिक सोने के गहने शामिल हैं। घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोग समझ पाते, इससे पहले ही बदमाश फरार हो गए। यह घटना शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े करती है और कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है।

**ऑटो का इंतजार कर रही थी महिला:** उपनिरीक्षक उपेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि बुजुर्ग महिला जैन मंदिर से पूजा कर मेन सड़क पर ऑटो का इंतजार कर रही थी। तभी दो बदमाशों ने उनके साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया है। लूटे हुए सोने और चांदी के जेवरात की कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई जा रही है।

## 28 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हत्या

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर के सरकना रोड स्थित बछेडी नदी के पुल पर रविवार सुबह एक युवक की खून से लथपथ शव मिला। मृतक की पहचान पुरापट्टी निवासी 28 वर्षीय राहुल सिंह बुंदेला के रूप में हुई है। मृतक के गले पर धारदार हथियार से चोट के निशान मिले हैं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ामलहरा एसडीओपी रोहित सिंह अलावा सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। परिजनों के अनुसार, राहुल शनिवार शाम को घर से निकला था।

**परिजनों ने डेढ़ घंटे चक्काजाम किया:** नाराज परिजनों ने दोपहर करीब 12 बजे भगवां थाने के सामने ट्रैक्टर-ट्राली में शव रखकर चक्काजाम कर दिया। हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लगाए गए जाम से दर्जनों वाहन फंस गए।

## पत्रकारों के लिए लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# 80 मीडियाकर्मियों का हुआ परीक्षणय 9 विभागों के 20 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी सेवाएं

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में रविवार को पन्ना रोड स्थित एक निजी होटल में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने पत्रकारों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में 9 विभागों के 20 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 80 मीडियाकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में मेडिसिन, सर्जरी, हड्डी रोग, बाल रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, ईएनटी, दंत चिकित्सा और कैंसर विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद थे। डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. उत्कर्ष त्रिपाठी, डॉ. मुकुल साहू, डॉ. राजेश मिश्रा समेत कई प्रमुख चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं।

**कल दी जाएंगी जांच रिपोर्ट:** शिविर के दौरान कुछ पत्रकारों में हाई ब्लड प्रेशर की समस्या पाई गई, जिसके लिए डॉक्टरों ने उन्हें परामर्श दिया और सावधानियां बताईं। आयोजक ऋषि द्विवेदी ने बताया कि अगले दिन सभी को जांच रिपोर्ट दी जाएगी और समस्याओं के अनुसार निशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।

**पत्रकारों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच जरुरी:** आईएमए के अनुसार, पत्रकारों की व्यस्त दिनचर्या को देखते हुए ये शिविर आयोजित किया गया है।

# विचार

## रेपो दर में कमी के साथ ही भारत में ब्याज दरों के नीचे जाने का चक्र प्रारम्भ

**भारतीय रिजर्व बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय मल्होत्रा ने अपने कार्यकाल की प्रथम मुद्रानीति दिनांक 7 फरवरी 2025 को घोषित की। अभी तक प्रत्येक दो माह के अंतराल पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा घोषित की गई मुद्रा नीति के माध्यम से लिए गए निर्णयों का देश में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में रखने में विशेष योगदान रहा है। हालांकि पिछले लगभग 5 वर्षों में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। मई 2020 में अंतिम बार रेपो दर में वृद्धि की घोषणा की गई थी। इसके बाद घोषित की गई 29 मुद्रा नीतियों में रेपो दर को स्थिर रखा गया है और यह अभी भी 6.5 प्रतिशत के स्तर पर कायम है। परंतु,अब फरवरी 2025 माह में घोषित की गई मुद्रा नीति में रेपो दर में 25 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत पर लाया गया है। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को देश में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में रखने हेतु मेंडेट दिया गया है और इस मेंडेट पर ध्यान रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने देश में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में रखने में सफलता भी पाई है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम एवं द्वितीय तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर घटकर 5.2 प्रतिशत एवं 5.4 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। अतः देश में आर्थिक विकास की दर पर भी अब विशेष ध्यान देने की आवश्यकता प्रतिपादित हो रही थी, इसीलिए भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 25 आधार बिंदुओं में कमी की घोषणा की है। रेपो दर में कमी करने का उक्त निर्णय मुद्रानीति समिति के समस्त सदस्यों ने एकमत से लिया है।**

**भारतीय रिजर्व बैंक के आंकलन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-45 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 6.4त्न की रहेगी और वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 6.7 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगी। इस वर्ष खरीफ की फसल बहुत अच्छे स्तर पर आई है एवं आगे आने वाली रबी की फसल भी ठीक रहेगी क्योंकि मानसून की बारिश अच्छी रही थी और देश के जलाशयों में, क्षमता के अनुसार, पर्याप्त पानी इन जलाशयों में उपलब्ध है, जिसे कृषि सिंचाई के लिए उपयोग में लाया जा रहा है और जो अंततः कृषि की पैदावार को बढ़ाने में सहायक होगा। इससे ग्रामीण इलाकों में उत्पादों की मांग में वृद्धि देखी गई है। हालांकि शहरी इलाकों में उत्पादों की मांग में अभी भी सुधार दिखाई नहीं दिया है। परंतु हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा मध्यमवर्गीय करदाताओं को आय कर में दी गई जबरदस्त छूट के चलते आगे आने वाले समय में शहरी क्षेत्रों में भी उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होगी और विनिर्माण क्षेत्र में कार्यरत औद्योगिक इकाईयों की उत्पादन वृद्धि दर तेज होगी।**

# कोटा से मिटाने होंगे आत्महत्याओं के दाग

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान का कोटा शहर जितना शैक्षणिक संस्थाओं के लिए प्रसिद्ध है। अब उतना ही यहां के कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं के कारण देश भर में बदनाम हो रहा है। हालांकि कोटा में छात्र आत्महत्याओं के मामले यहां पर कोचिंग लेने वाले छात्रों की संया की तुलना में बहुत कम है। मगर यहां पढ़ने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्याओं की दुखद घटनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। पिछले जनवरी माह में ही कोटा में 6 विद्यार्थियों ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इसी साल 8 जनवरी को हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी छात्र नीरज, 9 जनवरी को गुना मध्य प्रदेश के अभिषेक लोधा, 15 जनवरी को उड़ीसा के अभिजीत गिरी, 18 जनवरी को बूंदी जिले के मनन जैन, 22 जनवरी को अहमदाबाद गुजरात की अशा शेख और 22 जनवरी को ही नौगांव असम के छात्र पराग ने आत्महत्या कर ली थी। इनमें से पांच छात्र इंजीनियरिंग की व एक छात्रा नीट की तैयारी कर रही थी।**




कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। कोटा में 2015 से लेकर अब तक 138 छात्रों ने आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं। यहां 2015 में 18, 2016 में 17, 2017 में 7, 2018 में 20, 2019 में 18, 2020 में 4, 2021 में एक, 2022 में 15, 2023 में 26, 2024 में 16 व 2025 में अब तक छह छात्र आत्महत्या कर अपनी जान गंवा चुके हैं। 2020 व 2021 में कोविड के चलते यहां के कोचिंग संस्थाओं के बंद रहने के कारण आत्महत्याओं के आंकड़ों में गिरावट रही थी। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है।

कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलनो के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है।

यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना आठ से दस हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को सालाना 800 करोड़ रूपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है।

कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं।

कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं।

कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानो में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। इससे कई छात्र पढ़ाई में पिछड़ने के डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं।

कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे-मोटे 300 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं।

केंद्र सरकार ने कोचिंग संस्थानों के लिए दिशानिर्देशों की घोषणा की है। जिनमें कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों का नामांकन नहीं कर सकते। इसके अलावा न ही वे अच्छी रैंक या अच्छे अंकों की गारंटी दे सकते हैं और न ही गुमराह करने वाले वायदे कर सकते हैं। छात्रों के आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं, कोचिंग सेंटरों में सुविधाओं का अभाव और उनके पढ़ाने के तौर- तरीकों के बारे में शिकायतें मिलने के बाद सरकार ने इनकी घोषणा की है। दिशानिर्देशों के अनुसार कोई भी कोचिंग सेंटर स्नातक से कम शिक्षा वाले ट्यूटर को नियुक्त नहीं करेगा। छात्रों का नामांकन सिर्फ सेकेंडरी स्कूल परीक्षा देने के बाद हो सकेगा।

कोटा में छात्रों की बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं पर राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ द्वारा स्व प्रेरित संज्ञान आधारित याचिका की सुनवाई के दौरान राजस्थान सरकार की तरफ से कहा गया है कि विधानसभा के मौजूदा सत्र में इसके लिए एक नया कानून लाया जाएगा। जिससे छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं की घटनाओ पर रोक लगाई जा सकेगी।

सरकार चाहे जितनी कोशिश करे कोटा में पढ़ने वाले छात्र जब तक बिना किसी दबाव के पढाई करेंगे तभी यहां का माहौल सुधरेगा। यहां चल रहे कोचिंग संस्थानों को मशीनी स्तर पर चलाई जा रही प्रतिस्पर्धा को रोककर एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। तभी छात्र खुद को सुरक्षित महसूस कर पढाई कर पाएंगे। कोटा में संचालित कोचिंग संस्थान अपने काम को पैसे कमाने कि मशीन समझना बंद कर अपने छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार नहीं करेंगे तब तक कोटा के हालात नहीं सुधर पायेंगे। कोटा के मौजूदा हालातों के कारण ही यहां कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या में काफी कमी होने लगी हैं। जो कोटा शहर की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं हैं।

# गढ़ भी नहीं रहा और सेनापति भी नहीं

**उमेश चतुर्वेदी**

मराठी की एक कहावत में गढ़ जीतने को अहम तो बताया गया है, लेकिन गढ़ की जंग में अगर सेनापति का बलिदान हो जाता है तो उस जीत को भी बड़ा नहीं माना जाता। इसी मराठी कहावत की तर्ज पर दिल्ली की सियासी जंग को अरविंद केजरीवाल के संदर्भ में देखें तो कह सकते हैं कि गढ़ तो गया ही, सिंह यानी सेनापति भी नहीं रहा। अलग तरह की वैकल्पिक राजनीति और उसके जरिए आम लोगों को खुशहाल और नए तरह के भविष्य का सपना दिखाकर राजनीति में आए अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली विधानसभा में बहुमत एक तरह से गढ़ यानी किला ही था। अरविंद केजरीवाल वह किला अब खो चुके हैं और उनके लिए चिंता की बात है कि खुद उनके साथ उनके सेनापति इस जंग में खेत रहे हैं। तो क्या यह मान लिया जाए कि आंदोलन से उपजी राजनीति के दौर का खात्मा तय है? अभी तो यह मान लेना कि आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी, थोड़ी जल्दबाजी होगी। लेकिन अतीत के उदाहरणों को देखें तो साफ लगता है कि केजरीवाल के लिए राह अब आसान नहीं रही।

अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के साथ उभरी आम आदमी पार्टी ने अलग तरह की राजनीति देने का वादा किया था। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को लेकर लोगों को कितनी उम्मीदें थीं कि अन्ना का अनशन तो दिल्ली में हो रहा था, लेकिन उसके समर्थन में राजस्थान के रेतीले इलाकों में इक्का-दुक्का घरों के साथ बसी ढाणियों, झारखंड-छत्तीसगढ़ के सुदूर जंगलों, पानीपत से लेकर मोतिहारी, कच्छ लेकर अरूणाचल प्रदेश तक, शायद ही कोई शहर या गांव रहा होगा, जहां मोमबत्तियां न जली हों। ये मोमबत्तियां दरअसल नए भारत की अंजोरियाभरी राह का सपना थीं। आम आदमी पार्टी का जब गठन हुआ तो लोगों को उम्मीद थी कि उसके जरिए देश और उनकी जिंदगी में ऐसा प्रकाश फैलेगा, जिसमें उनके, उनकी संततियों और उनके देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस उम्मीद और सपने को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में दिल्ली की जनता ने भरपूर साथ दिया। पहली 54.3 प्रतिशत वोट और 67 सीटें तो दूसरी बार 53.57 प्रतिशत वोट और 62 सीटें देना एक तरह से बेहतर और चमकीले सपनीले भविष्य को लेकर जनाकांक्षाओं का उफान था। कभी बंगला और गाड़ी न लेने, वीआईपी कल्चर को न अपनाने के वायदे के साथ राजनीति में आए केजरीवाल धीरे-धीरे इसी जनाकांक्षा को भूलते चले गए। दूसरे कार्यकाल में तो वे तानाशाह की तरह खुद को स्थापित करते गए। झूठ और फरेब की राजनीति को ही उन्होंने अपनी सियासी आदत बना लिया। पंजाब में आम आदमी पार्टी की भारी जीत के बाद जैसे उनका खुद पर नियंत्रण नहीं रहा। आम आदमी पार्टी में सिर्फ उनकी ही चलती थी। लोकतंत्र का मुखौटा भी वहां नहीं रह गया था। वैसे भी आम आदमी पार्टी को पहली आर्थिक मदद देने वाले प्रशांत भूषण,. वैचारिक आधार तैयार करने वाले योगेंद्र यादव और प्रोफेसर आनंद कुमार के साथ ही अपने साथी रहे कुमार विश्वास को पार्टी से पहले ही बाहर कर चुके थे। उनके साथ रहे उनके आंदोलन के दिनों के साथी मनीष सिसोदिया और स्वाति मालीवाल। हालांकि उनके शासन के आखिरी दिनों में जिस तरह स्वाति की मुख्यमंत्री के घर में ही पिटाई हुई, उसने केजरीवाल के स्वभाव की एक तरह से कलई खोल दी।



केजरीवाल ने अपने पहले कार्यकाल में बेशक अच्छे कार्य किए। मोहल्ला क्लीनिक का विचार दिया और उसे लागू किया। शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट बढ़ाया, दो सौ यूनिट तक बिजली और एक सीमा तक पानी मुफ्त दिया। महिलाओं को फ्री में बस यात्रा की सहूलियत दी। लेकिन इसके साथ ही दिल्ली में भ्रष्टाचार बढ़ता गया। दो साल पहले के चुनाव में नगर निगम पर भी उनका कब्जा हो गया। इसके पहले दिल्ली की सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम पर अपना नियंत्रण ना होने का बहाना बनाते रहे थे, लेकिन अब वह बहाना भी नहीं रहा। फिर भी दिल्ली गंदी होती चली। दिल्ली की लाइफ लाइन मानी जाने वाली डीटीसी के बेड़े से बसें कम होती चली गईं।

केजरीवाल के दौर में हवा-हवाई घोषणाएं खूब हुईं। इसकी वजह से उनसे फायदा लेने वाले लोग भी खुश नहीं थे। डीटीसी के कर्मचारियों, बसों में तैनात मार्शलों आदि को स्थायी नौकरियां देने का वादा कर चुके केजरीवाल उन्हें नौकरियां नहीं दे पाए। शुरू में उनकी बहानेबाजी तो चली,लेकिन बाद में लोगों ने समझना शुरू कर दिया कि वे सिर्फ हवा-हवाई दावे करते हैं और बहानेबाजी के जरिए खुद को बचा ले जाते हैं। 2022 में पंजाब में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने महिलाओं को हजार रूपए महीने देने का वादा किया था, लेकिन अब तक उन्हें यह रकम नहीं दे पाए। पंजाब रोडवेज की बसों में महिलाओं को फ्री सहूलियत देने के चलते पंजाब रोडवेज घाटे में है। इसकी वजह से महीनों तक कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं मिल रही। सूचना और संचार क्रांति के दौर में ये सारी बातें दिल्ली की जनता तक पहुंचती रहीं। इसका असर यह हुआ कि केजरीवाल से लोगों का भरोसा खत्म हो गया।

पिछले दो चुनावों तक केजरीवाल नैरेटिव तैयार करते थे और उनके विपक्षी उसका जवाब देते थे। इस बार भी महिलाओं को 21 सौ रूपए महीने देने और उसके लिए उनके फॉर्म भरवाकर नैरेटिव स्थापित कर दिया था। लेकिन बाद में बीजेपी ने उनकी काट शुरू की। उसने अपना पंद्रह सूत्रीय संकल्प पत्र पेश किया। महिलाओं को 2500 रूपए महीने की सम्मान निधि देने और 200 की बजाय 300 यूनिट बिजली फ्री देने जैसे ऐलान किए। इसका असर वोटरों पर दिखा। इस बीच बीजेपी ने चुनाव प्रबंधन के लिए अपने सारे मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री उतार दिए। मंडल स्तर तक बड़े नेताओं को जिम्मेदारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता भी सक्रिय हुए। भारतीय जनता पार्टी ने बुनियादी स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया, जिन्हें मनाने की जरूरत थी, उन्हें मनाया, सबके योग्य जिम्मेदारी दी। सभी कार्यकर्ता सक्रिय हुए। उन्होंने जमीनी स्तर तक काम किया। इसका असर चुनावों में दिखा। केजरीवाल की पार्टी पस्त रही। खुद केजरीवाल भी हारे हैं, उनके विश्वस्त मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और राखी बिड़लान जैसे नाम चुनावी जंग में खेत रहे हैं। बीजेपी की जीत में कुछ हिस्सेदारी कांग्रेस भी है। हालांकि उसे पिछले चुनाव की तुलना में महज दो फीसद ज्यादा वोट मिले हैं। कांग्रेस को भले ही समर्थन नहीं मिला।

# महाकुंभ से लौट रहे छत्तीसगढ़ के 4 श्रद्धालुओं की मौत

## सोनभद्र में ट्रेलर-बोलेरो की टक्कर, 6 लोग गंभीर, प्रत्यक्षदर्शी बोला-आंख खुली तो भयंकर मंजर देखा





**मीडिया ऑडीटर, सोनभद्र/यूपी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में बोलेरो और ट्रेलर की टक्कर हो गई। हादसे में कुंभ से लौट रहे छत्तीसगढ़ के 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। वहीं 6 लोग घायल हो गए हैं। बोलेरो सवार श्रद्धालु महाकुंभ स्नान कर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ लौट रहे थे। घटना सोनभद्र के बभनी थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक हादसा सुबह 6:30 बजे हुआ है। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि जब आंखें खुली तो भयंकर मंजर देखा।

**सीएम ने 4 श्रद्धालुओं की मौत पर जताया दुखः** सीएम विष्णुदेव साय ने 4 श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया ङ्ग पर पोस्ट कर लिखा कि निधन की खबर से मन व्यथित है। रायगढ़ जिला प्रशासन को सोनभद्र जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर घायल श्रद्धालुओं के इलाज की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

**परखच्चे उड़ गए और सड़क पर चीख-पुकार मचीः** घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी सुरेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि हादसा सुबह करीब साढ़े 6 बजे हुआ। कुंभ से स्नान कर श्रद्धालु लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार टेलर ने बोलेरो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर चीख-पुकार मच गई।

घायल रामकुमार ने बताया कि सभी लोग छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के सूरजगढ़ से प्रयागराज गंगा स्नान के लिए आए थे। स्नान के बाद लौटते समय यह भीषण हादसा हो गया। मैं सो रहा था अचानक से मेरी आंख खुली, तो यह मंजर देखा।

**घायलों में एक ही परिवार के कई लोग शामिलः** हादसे में रामकुमार की पत्नी, उनके साढ़ू-साली और बोलेरो चालक अनिल प्रधान की भी मौत हो गई। वहीं, रामकुमार, रामकुमार की मां, उनके दो बेटे, पिता, साढ़ू का बेटा योगी लाल, योगी लाल की पत्नी और बेटा घायल हो गए हैं।

**बोलेरो में सवार 3 लोग सुरक्षितः** एडिशनल एसपी सोनभद्र ने बताया कि महाकुंभ से लौट रही बोलेरो (सीजी 13 सीए 1165) में 11 लोग सवार थे। इसी दौरान सामने से आ रही टेलर (आरजे 02 जीसी 3612) से जोरदार टक्कर हो गई। 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 3 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। सीएम विष्णुदेव साय ने 4 श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया ङ्ग पर पोस्ट कर लिखा कि निधन की खबर से मन व्यथित है। रायगढ़ जिला प्रशासन को सोनभद्र जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर घायल श्रद्धालुओं के इलाज की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

### स्पेशल डिमांड पर रायपुर आईं रशियन गर्ल्स

## थाने में मांगा चिकन, भाई ने उज्बेकिस्तान में किया मर्डर, पुलिस को विदेशी सेक्स रैकेट के मिले सबूत



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर के वीआईपी रोड में विदेशी युवती के हंगामे का कनेक्शन इंटरनेशनल सेक्स रैकेट से जुड़ गया है। फिलहाल युवती के साथ उसका वकील दोस्त पुलिस की रिमांड में है। कस्टडी में युवती ने बॉयल चिकन खाने की रिक्वेस्ट की, जिसके बाद उसे चिकन दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, विदेशी युवती के भाई भी मर्डर केस में उज्बेकिस्तान की जेल में बंद है। इस केस में एक और विदेशी युवती की भी एंट्री हुई है। स्पेशल डिमांड पर ये गर्ल्स रायपुर आईं। पुलिस को विदेशी सेक्स-रैकेट के सबूत भी मिले हैं।

**पहले जानिए क्या है पूरा मामलाः** 6 फरवरी की रात करीब 12:30 बजे वीआईपी रोड पर बिलासपुर पासिंग एक कार स्कूटी सवार तीन युवकों को जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में तीनों युवक बुरी तरह घायल हो गए, जिसमें एक की मौत हो गई है। हादसे के बाद आस-पास के लोगों ने कार को घेर लिया।

कार के नंबर प्लेट के ऊपर एक और प्लेट लगी हुई थी। इस पर भारत सरकार लिखा हुआ था। कार में विदेशी युवती नोरा (बदला हुआ नाम) के साथ युवक जो सरकारी वकील भी है, वह सवार थे। युवती देखने में विदेशी नागरिक लग रही थी। ऐसे में आस-पास खड़े लोग उसे रशियन-रशियन पुकारने लगे।

हंगामे के चलते थोड़ी ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने इन दोनों को थाने चलने कहा, लेकिन विदेशी युवती अपना फोन मांगने लगी। युवती मौके पर मौजूद एक पुलिस के जवान पर आरोप लगाती है कि उसने उसका फोन लिया है।

**महिला कॉन्स्टेबल के नहीं होने से बढ़ी मुश्किलः** पुलिस ने समझाने की कोशिश की, लेकिन युवती नहीं मानी। मौके पर कोई महिला कॉन्स्टेबल भी नहीं थी। इस चक्कर में विवाद सुलझने में देर होने लगी। युवती के साथी से उसे समझाने को कहा गया।

लेकिन युवती नशे में थी और अपना फोन लिए बिना जाने को तैयार नहीं थी। करीब 45 मिनट तक बीच सड़क तमाशा चलता रहा। इसके बाद जबरदस्ती पुलिस की गाड़ी में बैठाकर दोनों को थाने लाया गया।

### यूनिसेफ रायपुर ने एनक्यूएएस, लक्ष्य, अग्नि सुरक्षा पर दिया प्रशिक्षण

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट से प्राप्त निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर में डॉ. गजेंद्र सिंह, स्वास्थ्य विशेषज्ञ यूनिसेफ के मार्गदर्शन में भरतपुर ब्लॉक के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एनक्यूएएस, लक्ष्य, कायाकल्प एवं अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम का दो दिवसीय प्रशिक्षण 4 एवं 5 फ़रवरी 2025 को आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में विभिन्न संवर्ग के 97 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। निश्चित रूप से यह प्रशिक्षण भरतपुर ब्लॉक के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक होगा। डॉ. अक्षय शक्ति तिवारी के नेतृत्व में यूनिसेफ की चार सदस्यीय टीम भरतपुर आई, जिसमें दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं भरतपुर की स्वास्थ्य संस्थाओं का एक दिवसीय निरीक्षण किया गया तथा कमियों को दूर करने के उपाय सुझाए गए।

# नदी किनारे बना रहे थे अवैध शराब, मजदूर बनकर जंगल में पहुंची पुलिस, 4.72 लाख का शराब पकड़ाया, 8 गिरफ्तार





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में जहरीली शराब से 8 लोगों की मौत के बाद पुलिस प्रशासन ने एक और कार्रवाई की है। सीपत पुलिस ने धौराकोना के उड़ांगी जंगल से 1 हजार 575 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 4.72 लाख रुपए है। जांजगीर-चांपा और कोरबा जिले की सीमा से लगे जंगल में नदी किनारे अवैध शराब का निर्माण चल रहा था। जहां सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने मजदूर बनकर छापा मारा।

**भेष बदलकर पहुंची पुलिसः** पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया, जिसमें पुरुष पुलिसकर्मियों ने मजदूरों की वेशभूषा और महिला पुलिसकर्मियों ने साड़ी पहनकर घटना स्थल पर पहुंचे। कार्रवाई में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**1 हजार 575 लीटर अवैध शराब जब्तः** शिवकुमार धनवार से 195 लीटर, साधराम यादव से 210 लीटर, धनीराम धनुहार से 150 लीटर, संजू धनवार से 210 लीटर, राम लल्ला यादव से 180 लीटर और अवध राम यादव से 225 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। कोरबा जिले के झांझ धनुवारपारा के कोंदा कुमार धनवार से 210 लीटर और अंजोर कुमार धनवार से 195 लीटर शराब जब्त की गई। साथ ही मौके से 8 क्विंटल लहान भी नष्ट किया गया।

**जनवरी से अब तक 27 लोग गिरफ्तारः** बता दें कि सीपत पुलिस ने जनवरी से अब तक अवैध शराब के 27 मामले दर्ज किए हैं, जिसमें 27 लोगों को गिरफ्तार कर दो हजार लीटर से अधिक शराब जब्त की गई है। चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण पर विशेष नजर रखी जा रही है।

### चुनाव ड्यूटी पर तैनात 245 कर्मियों ने डाला वोट

## कलेक्टोरेट में आज भी होगी वोटिंग, रैली-सभा से पहले परमिशन लेना होगा



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में निकाय चुनाव में तैनात सरकारी कर्मियों ने वोट डाला। शनिवार को 245 मतदान कर्मियों ने कर्तव्य मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में तैनात सरकारी कर्मियों के लिए जिला प्रशासन ने मतदान की सुविधा दी है। नगर निगम के 55 अधिकारी और कर्मचारी 9 और 10 फरवरी को भी मतदान कर सकेंगे।

**350 मतदान कर्मियों ने किया था आवेदनः** कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 51 के साथ-साथ लाल बहादुर शास्त्री स्कूल और गवर्नमेंट स्कूल में मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। कुल 350 मतदान कर्मियों ने निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र से वोट डालने के लिए आवेदन किया था।

**रोड शो के लिए अनुमति लेना अनिवार्यः** चुनाव प्रचार को लेकर कलेक्टर अवनीश शरण ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत चुनाव प्रचार सभाओं, लाउडस्पीकर के उपयोग, जुलूस, रैली और रोड शो के लिए अनुमति लेना अनिवार्य होगा। जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए एसडीएम, तहसील मुख्यालयों के लिए तहसीलदार और उप तहसील मुख्यालयों के लिए अतिरिक्त तहसीलदार या नायब तहसीलदार अनुमति देने के लिए अधिकृत होंगे।

# कपड़े उतरवाए, अश्लील वीडियों बनाकर किया रेप

## वायरल करने की धमकी देकर 6 हजार वसूले, डेढ़ महीने तक वारदात, 2 सहयोगी भी शामिल



**मीडिया ऑडीटर, कांकेर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नाबालिग लड़की से रेप की वारदात को अंजाम दिया गया है। आरोपी लड़की के कपड़े उतरवाए, फिर अश्लील वीडियो बनाया। वायरल करने की धमकी देकर रेप किया। आरोपी ने लड़की से 6 हजार रुपए भी वसूल लिए। मामला पखांजूर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी ने डरा-धमकाकर लड़की से डेढ़ महीने तक दुष्कर्म किया। आरोपी के साथ एक नाबालिग समेत 2 सहयोगी भी हैं। इनके ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर अपनी मां जानकारी दी, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई।

**नदी किनारे ले जाकर रेप किया, वीडियो बनायाः** दरअसल, मुख्य आरोपी का नाम महेन्द्र बाइन (20) है। 17 दिसंबर 2024 को नाबालिग को उसके घर से बाइक से यशवंत नगर नदी किनारे ले गया। जहां वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता आरोपी के चंगुल से छूटकर वहां से घर पहुंची, लेकिन घर वालों डर की वजह से जानकारी नहीं दी। पीड़िता के मुताबिक आरोपी वीडियो बना लिया था, जिसकी वजह से वह बार-बार उसे बुलाकर रेप करता था। डेढ़ महीने में कई बार उससे दुष्कर्म किया, जिससे पीड़िता डरी सहमी से रहती थी। घर वाले भी चिंतित थे।

**परेशान होकर मां को बताई आपबीतीः** पीड़िता के मुताबिक वह आरोपियों की डिमांड से परेशान हो गई। इसके बाद पखांजूर थाने में 7 फरवरी को अपनी मां के साथ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 64(1), 351(2), 308(2), 3(5) बीएनएस 4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया।

**मुख्य आरोपी और सहयोगी दोस्त गिरफ्तारः** पुलिस ने बताया कि एफआईआर के बाद आरोपियों की तलाश की गई। 8 फरवरी को मुख्य आरोपी महेन्द्र बाइन को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। साथ ही 2 और सहयोगियों के बारे में बताया। दोनों साथी वारदात में सहयोग दिए थे।

पुलिस ने महेंद्र बैन और प्रसनजीत ढाली (20) और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी यशवंत नगर के रहने वाले हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जिनमें से 2 को जेल भेज दिया गया है। जबकि एक नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

### महाकुंभ गया था परिवार, घर में लाखों की चोरी

## व्यवसायी के सूने मकान से कैश और सोने-चांदी के जेवरात पार, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस



**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा (एजेंसी)।** सरगुजा जिले के लखनपुर में नेशनल हाईवे के किनारे व्यवसायी के सूने मकान में चोरों ने करीब 3.50 लाख कैश और सोने-चांदी के जेवरात की चोरी की है। व्यवसायी का परिवार महाकुंभ जाने के लिए निकला था। सुबह रिश्तेदारों ने चोरी की सूचना दी। पुलिस डॉग स्क्वायड और आसपास के सीसीटीवी फुटेज के जरिए जांच कर रही है। दरअसल, अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे-130 पर सुमन पेट्रोलियम के पास व्यवसायी सुरेंद्र अग्रवाल रहते हैं। उनका परिवार कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने शनिवार रात करीब 9 बजे लखनपुर से रवाना हुआ। रविवार सुबह सुरेंद्र अग्रवाल के घर का ताला टूटा मिला। घर के अलमारी का ताला टूटा मिला। उसके अंदर रखे कैश और सोने-चांदी के जेवरात गायब थे।

**डॉग स्क्वायड की मदद, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिसः** घटना की सूचना पर लखनपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सुरेंद्र अग्रवाल के घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है। डॉग स्क्वायड को भी पुलिस ने मौके पर बुलाया। डॉग स्क्वायड की टीम को जांच में कोई बड़ी लीड नहीं मिली है।

**कुल 12 लाख की चोरीः** व्यवसायी के अनुसार, घर की अलमारी में करीब 3.50 लाख रुपए नगद, 12 तोले से अधिक सोने के जेवर और चांदी के जेवर रखे थे। कुल चोरी 12 लाख रुपए से अधिक की बताई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में क्या मिला है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। सुरेंद्र अग्रवाल गल्ले का कारोबार करते हैं। घर के महिलाओं के जेवरों की चोरी हुई है। लखनपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। व्यवसायी परिवार के लौटने के बाद स्पष्ट हो सकेगा कि, घटना में किन वस्तुओं और जेवरातों की चोरी हुई है।

### 6 महीने बाद खुली मां दंतेश्वरी मंदिर की दानपेटी

## 19 लाख कैश, सोने-चांदी के जेवर निकले, किसी ने संतान तो किसी ने नौकरी के लिए लिखी चिट्ठी



**मीडिया ऑडीटर, दंतेवाड़ा(एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में स्थित बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के मंदिर की दान पेटी 6 महीने बाद खोली गई है। दान पेटी से 19 लाख 1 हजार 735 रुपए कैश निकले हैं। इसके साथ ही सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए गए हैं। वहीं, भक्तों ने संतान प्राप्ति, नौकरी समेत शादी के लिए माता से मन्नत मांगी और पत्र लिखा है। दरअसल, मुहरबंद दानपेटियां टेंपल कमेटी व्यवस्थापक और तहसीलदार विनीत सिंह, प्रधान पुजारी हरेंद्र नाथ, सहायक पुजारी लोकेंद्र नाथ की मौजूदगी में खोली गई। इससे पहले 5 अगस्त 2024 को दान पेटियों की राशि की गणना हुई थी। इस बार गणना के मौके पर बीरो मांझी, महादेव नेताम, मुकुंद ठाकुर, सुखराम ठाकुर, शिवचंद्र कतियाररास, डीआर नाग, त्रिनाथ ठाकुर, विजय पटनायक समेत टेंपल कमेटी से जुड़े लोग मौजूद थे।

**बस्तर की हैं आराध्य देवीः** बता दें कि, मां दंतेश्वरी बस्तर की आराध्य देवी हैं। माता के प्रति भक्तों की आस्था है। इसलिए देश के कोने-कोने से भी लोग माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। भक्तों का मानना है कि माता सब की मुराद पूरी करती हैं।

# पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, नगरीय निकाय चुनाव में सुरक्षा का संदेश, बिना किसी डर के मतदान की अपील





**मीडिया ऑडीटर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (एजेंसी)।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। एसपी भावना गुप्ता के नेतृत्व में आगामी नगरीय निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने पैदल गश्त की।

पुलिस कंट्रोल रूम से शुरू हुए इस फ्लैग मार्च में पुलिस बल ने नगर के प्रमुख मार्गों पर गश्त कर सुरक्षा का पैगाम दिया। एसपी गुप्ता ने आम नागरिकों से सीधा संवाद कर उन्हें बिना किसी भय के मतदान करने का आह्वान किया।

**चुनाव के दौरान समस्या हो तो पुलिस को सूचित करें- एसपीः** एसपी भावना ने लोगों को समझाइश दी कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कोई भी समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। फ्लैग मार्च के दौरान एसपी ने मंगली बाजार स्थित बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में स्थापित चार मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

**मतदान के दौरान सुरक्षित माहौल के निर्देशः** एसपी ने बूथों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। साथ ही आश्वस्त किया है कि मतदान के दौरान पूरी तरह से सुरक्षित माहौल रहेगा।

### मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेज मान्य

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 हेतु मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। दस्तावेजों में क्रमशः भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान-पत्र, बैंक/डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र ( पेन कार्ड), आधार कार्ड, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छ.ग. राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौंशिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त निःशक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लायसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर स्थ्वष्ट-श्वर द्वारा व्दसपदम जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है

### मतदान केंद्र में फोटोग्राफी करने दिशा-निर्देश जारी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 को दृष्टिगत रखते हुए सर्व पत्रकारों एवं फोटोग्राफरों द्वारा मतदान केंद्र के बाहर कतार में खड़े मतदाताओं के फोटो लिये जाने में कोई आपत्ति नहीं है परन्तु बगैर आयोग या जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर पालिका) द्वारा दिए गये प्राधिकार पत्र के उन्हें मतदान केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जा सकता। किसी भी परिस्थिति में किसी भी फोटोग्राफर को मतदान कक्ष में (जहां कि मतदाता मतदान मशीन का बटन मतदान के लिए दबाता है) नहीं जाने दिया जाना है और न ही मतदान करते हुए किसी मतदाता का फोटो लिया जाना है।

## वायु सेना और सेना प्रमुख ने तेजस में उड़ान भरी

बेंगलुरु। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को तेजस लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। बेंगलुरु में एयरो इंडिया-2025 की शुरुआत से एक दिन पहले दोनों सेना प्रमुख तेजस फाइटर जेट में बैठे। एयरो इंडिया-2025 प्रोग्राम 10 फरवरी से 14 फरवरी तक चलेगा। यह पहली बार है जब दो सेनाओं के प्रमुख ने एक साथ स्वदेशी फाइटर जेट में उड़ान भरी है। उड़ान के बाद थल सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने इस अनुभव को अपने जीवन का सबसे अच्छा पल बताया। उन्होंने यह भी कहा कि हम (नेशनल डिफेंस एकेडमी) के दिनों से साथ हैं। अगर मैं वायु सेना प्रमुख से पहले मिला होता तो एयरफोर्स जॉइन करता और फाइटर पायलट बनता। उड़ान के बाद जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आज से एयर चीफ मार्शल मेरे गुरु हैं, क्योंकि उन्होंने इस उड़ान के दौरान मुझसे कई एक्टिविटीज कराईं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि यह उड़ान बहुत ही चुनौतीपूर्ण थी, मुझे इसे पूरा करके बहुत मजा आया। उन्होंने आगे कहा- मैं आईएएस के प्रति शुक्रगुजार हूं और मैं वायु सेना के पायलट्स की हिम्मत की दाद देता हूं, जो चुनौतियों का सामना करते हैं।

## श्रद्धा वालकर के पिता की हार्ट अटैक से मौत

नई दिल्ली। तीन साल पुराने श्रद्धा वालकर हत्याकांड का फैसला अभी तक नहीं आया, लेकिन श्रद्धा के पिता विकास वालकर का रविवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। विकास अपनी बेटी का केस लड़ रहे थे। उन्हें बेटी की अस्थियों का इंतजार था ताकि उसका अंतिम संस्कार कर पाते। मगर श्रद्धा की हड्डियां केस प्रॉपर्टी (सबूत के तौर पर रखी गईं) बन चुकी थी। 18 मई, 2022 की रात श्रद्धा वालकर का लिव-इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला ने मर्डर कर दिया था। 2 दिन तक आफताब इंटरनेट पर डेडबॉडी ठिकाने लगाने के तरीके सर्च करता रहा। 19 मई को घर से निकला, 300 लीटर का बड़ा फ्रिज और आरी लेकर लौटा। श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े करके फ्रिज में रख दिए। फिर बैग में भरकर उन्हें छतरपुर के जंगलों में फेंक दिया था।

## जीत के बाद आतिशी का डांस वीडियो

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनावों में जहां एक तरफ आप के सभी दिग्गज हार गए, वहीं पूर्व सीएम आतिशी ने कालकाजी विधानसभा से अपनी जीत बरकरार रखी। जीत के बाद उन्होंने कहा- जश्न मनाने का समय नहीं, भाजपा के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। शनिवार देर शाम उनका एक वीडियो सामने आया। जिसमें वो जीत का जश्न मनाते हुए दिख रही थीं। इस वीडियो को शेयर करते हुए आप से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने लिखा, यह कैसी बेशर्मी है?

# प्रधानमंत्री सोमवार को विद्यार्थियों से करेंगे परीक्षा पे चर्चा

**भोपाल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री हर वर्ष परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम सोमवार 10 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश से 18 लाख 27 हजार विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने अपना पंजीयन कराया है। कार्यक्रम का संचार माध्यमों पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया एवं ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट, द्व4द्दश्1.द्धठ्ठ, यूट्यूब, एमओई, फेसबुक लाइव, स्वयंप्रभा चैनल एमओई, दीक्षा चैनल एमओई से भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा। कार्यकम का प्रसारण अन्य निजी चैनल भी करेगें। कार्यक्रम को ऑनलाइन देखे जाने के लिये यूट्यूब लिंक भी जारी की गई है। कार्यक्रम में



विद्यार्थी एवं शिक्षक तथा अभिभावक उक्त लिंक के माध्यम से सहभागिता कर सकेंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल और स्कूल शिक्षा विभाग में अन्य वरिष्ठ अधिकारी राजधानी भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय से विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में भी राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद और सभी जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थानों में हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विद्यार्थियों की लाइव प्रसारण में सहभागिता होगी। स्कूलों में टीवी प्रसारण के अलावा, इंटरनेट एक्सेस डिवाइस (कंप्यूटर लैपटॉप/मोबाइल इत्यादि) पर भी कार्यक्रम देखने की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों में जहां टीवी देखने की व्यवस्था संभव नहीं होगी, वहां रेडियो/ट्रांजिस्टर की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। समस्त ज़िला कलेक्टर्स एवं मैदानी अधिकारियों को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लाइव प्रसारण में विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकों की सामूहिक रूप से सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है।

# मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दिया

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार शाम अपना इस्तीफा गवर्नर को सौंप दिया। नए मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन के भीतर लिया जाएगा। बीरेन सिंह पर राज्य में 21 महीने से जारी हिंसा के चलते काफी दबाव था। विपक्षी पार्टियां भी लगातार एनडीए से इस मुद्दे पर सवाल पूछ रही थीं। सूत्रों के मुताबिक गवर्नर ने अभी बीरेन सिंह से कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर पद संभालने के लिए कहा है। इस्तीफे का फैसला लेने से



पहले बीरेन सिंह ने रविवार सुबह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की थी। एक महीने पहले मणिपुर हिंसा पर बीरेन सिंह ने कहा था- मुझे माफ करें एक महीने पहले मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह ने राज्य में हुई हिंसा और उसमें हुई जनहानि को लेकर माफी मांगी थी। बीरेन सिंह ने कहा था कि पूरा साल बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। इसका मुझे बहुत दुख है। 3 मई 2023 से लेकर आज तक जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए मैं राज्य के लोगों से माफी मांगता हूं। सीएम बीरेन सिंह ने सेक्रेटेरिएट में मीडिया से चर्चा के दौरान कहा- कई लोगों ने अपने प्रियजन को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे वास्तव में खेद है। मैं माफी मांगना चाहता हूं। मणिपुर में 3 मई 2023 से कुकी-मैतेई समुदाय के बीच हिंसा जारी है।

# दिल्ली में भाजपा विधायकों की बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविवार शाम दिल्ली के भाजपा विधायकों की बैठक शुरू हो गई है। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत तमाम नेता मौजूद हैं। भाजपा को बहुमत मिलने के बाद विधायकों की यह पहली बैठक है। इसमें मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला हो सकता है। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। आम आदमी पार्टी नेता आतिशी ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने विधानसभा भंग कर दी है। उधर, अरविंद केजरीवाल के घर आप नेताओं ने मीटिंग की। केजरीवाल ने नए विधायकों से कहा कि वे जनता के लिए काम करें। इसके बाद आतिशी ने कहा- जनता ने आप के 22 विधायकों पर भरोसा करके जिताया है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी सेवा करें, उनकी समस्याओं का समाधान करें। विपक्ष की भूमिका निभाना और भाजपा की जवाबदेही तय करवाना हमारी जिम्मेदारी है।

# बुजुर्गों के साथ खड़ी पंजाब सरकार, पेंशन के तौर पर बांट रही करोड़ों रुपये

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार बुजुर्गों को हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न प्रयास कर रही है। इसके तहत पंजाब सरकार राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को हर महीने 1,500 रुपये पेंशन के रूप में प्रदान कर रही है, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को सहायता के लिए किसी और का मुंह



न देखना पड़े। हाल ही में पंजाब सरकार ने राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन योजना के तहत 3368.89 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। पंजाब सरकार ने 34.90 लाख लाभार्थियों को 4,532.60 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की है। पंजाब सरकार का मानना है कि बुजुर्ग हमारा गौरव और हमारी संपत्ति हैं। हम उनके लिए मासिक पेंशन सुनिश्चित करके इस कर्तव्य को पूरा कर रहे हैं।

# डल्लेवाल की ज्यादातर नसें ब्लॉक

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत 13 मांगों को लेकर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की ज्यादातर नसें ब्लॉक हो गई हैं। वह 75 दिनों से अनशन पर हैं, और उन्होंने मेडिकल सहायता लेना छोड़ दिया है। डॉक्टरों का कहना है कि पिछले करीब 6 दिनों से उन्हें ड्रिप लगाने में दिक्कत आ रही है, क्योंकि उनकी नसें ही नहीं मिल रहीं। हाथ की ज्यादातर नसें ब्लॉक हैं, इसलिए उनकी पैरों की नसों में ड्रिप लगाने की कोशिश की जा रही है। इधर, डल्लेवाल की सेवा में लगे एक किसान का एक्सीडेंट हो गया। उसे पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया है। वहीं, केंद्र सरकार की कृषि मार्केटिंग पॉलिसी ड्राफ्ट के खिलाफ आज संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से देशभर के लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इसके अलावा पंजाब और हरियाणा में किसानों के आंदोलन से जुड़ने के लिए अलग-अलग मंचों से अपील की जा रही है। विवाह-शादियों के कार्ड पर किसान नेता डल्लेवाल का फोटो छापा जा रहा है। अब डीजे पर भी किसान आंदोलन की अलख जगाई जा रही है। किसान नेता शादियों में जाकर लोगों को शंभू और खनौरी मोर्चे पर किसानों के समर्थन में जुटने का संदेश दे रहे हैं।

# 2025 की जनवरी इतिहास में तीसरी सबसे गर्म

**जम्मू/नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्लाइमेट चेंज के चलते देश में सर्दी का असर कम होने लगा है। गर्मी जल्दी शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ मृत्युंजय महापात्र ने कहा, 'फरवरी के आखिरी हफ्ते यानी 20 दिन बाद तापमान इतना बढ़ चुका होगा कि गर्मी का अहसास होने लगेगा।'

इस साल जनवरी का महीना इतिहास में तीसरा सबसे गर्म रहा। देश में जनवरी महीने का सामान्य औसत तापमान 18.04 डिग्री सेल्सियस रहता है। इस बार सामान्य से करीब 1 डिग्री ज्यादा रहा।

आमतौर पर पहले फरवरी मध्य से अप्रैल की शुरुआत तक 45-60 दिन सर्दी-गर्मी नहीं सतातीं थी। यह मौसम बसंत का होता है। अब बसंत के दिन तेजी से घट रहे हैं। जनवरी में पहाड़ों में बर्फबारी भी 80त्न तक कम हो गई है।

मध्य प्रदेश के तापमान में आज बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। राजस्थान में आज पश्चिमी हवा का प्रभाव बढ़ने से दिन के तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। इससे कोल्ड वेव में राहत मिलेगी और सर्दी में भी कमी आएगी।

# पूर्व सीएम की बेटी के साथ धोखाधड़ी, 4 करोड़ लेकर भी नहीं बनाया हीरोइन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल की बेटी और अभिनेत्री-निर्माता आरुषि निशंक धोखाधड़ी की शिकार हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई के दो फिल्म प्रोड्यूसर्स मानसी वरुण बागला और वरुण प्रमोद कुमार बागला ने उनसे चार करोड़ रुपये की ठगी की है। इस मामले में सिर्फ पैसों की धोखाधड़ी ही नहीं हुई, बल्कि आरुषि को मानसिक प्रताड़ना और जान से मारने की धमकी भी दी गई। उन्होंने देहरादून के कोतवाली शहर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। आरुषि ने बताया कि उन्हें एक फिल्म में मुख्य भूमिका और बड़े मुनाफे का लालच देकर पैसे वसूले गए। उनकी खुद की एक प्रोडक्शन कंपनी हिमश्री फिल्म्स है, जो फिल्मों का निर्माण करती है।

# केजरीवाल की हार से अन्ना हजारे खुश, लेकिन मोदी सरकार पर आरोपों पर खामोश -राउत

**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की हार से खुश हैं। राउत ने केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ पिछले कुछ सालों में लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर हजारे की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।



उन्होंने कहा, ''जब मोदी के शासन में भ्रष्टाचार हुआ, तब हजारे कहां थे? केजरीवाल की हार पर हजारे खुश हैं। देश को लूटा जा रहा है और धन एक ही उद्योगपति के हाथों में जा रहा है। ऐसी स्थिति में लोकतंत्र कैसे बरकरार रह सकता है? ऐसे समय में हजारे की चुप्पी के पीछे क्या रहस्य हो सकता है। शिवसेना (उबाठा) के राज्यसभा सदस्य राउत ने संवाददाताओं से कहा, ''महाराष्ट्र और दिल्ली में मतदाता सूची में गड़बड़ी के बारे में एक समान पैटर्न था। हालांकि, हजारे ने ऐसे मुद्दों पर चुप रहने का विकल्प चुना। हरियाणा में भी ऐसी ही शिकायतें की गईं।

# पुलिस टॉर्चर से परेशान होकर जम्मू-कश्मीर के युवक का सुसाइड

**कठुआ (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती रविवार को कठुआ पहुंची। यहां उन्होंने पुलिस हिरासत के बाद सुसाइड करने वाले माखन दीन के परिवार से मुलाकात की। 6 फरवरी को माखन दीन ने वीडियो रिकार्ड करने के बाद आत्महत्या कर ली थी। वीडियो में उसने पुलिस के ऊपर टार्चर करने का आरोप लगाया था। महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इल्तिजा का माखन दीन के परिवार से मिलते



हुए वीडियो पोस्ट किया। महबूबा ने लिखा कि आखिरकार इल्तिजा कठुआ के बिलावर पहुंची और माखन दीन के परिवार से मिल पाईं। उन्होंने आरोप लगाया कि माखन दीन को पुलिस टॉर्चर की वजह से सुसाइड करना पड़ा।

# मईया सम्मान योजना: नहीं मिलेंगे मंईयां सम्मान योजना के 2500 रूपये.. अगर कर दी ये गलती

**रांची (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजनाकी छठी किस्त आने का लाभुक इंतजार कर रहे हैं। मंईयां सम्मान योजना का जनवरी माह का भुगतान अभी तक लाभार्थियों के खाते में नहीं पहुंचा है। जिसकी वजह से लाभुकों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई है। वहीं इस देरी की वजह से सभी बहन-बेटियां बेसब्री से राशि का इंतजार कर रही है। लेकिन किस्त नहीं जाने के पीछे की वजह लाभुक का सत्यापन नहीं होना है। सभी की जांच



की जा रही है जिस वजह से लाभुक को किस्त मिलने में देरी आ रही है। वहीं मंईयां सम्मान योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन करने में सावधानी बरतने की जरुरत है। जो कि पैसा ना आने की एक वजह हो सकती है।

बता दें कि, झारखंड की हेमंत सरकार की ओर से मंईयां सम्मान योजना में तकरीबन 58 लाख महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है। अगर आप ने भी मईया सम्मान स्कीम का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया है लेकिन पैसे नहीं आ रहे हैं तो अपना डीबीटी स्टेटस चेक करना होगा।

# महाकुंभ में महाजाम, लाखों लोग 10-12 घंटे से फंसे

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में रविवार की छुट्?टी के चलते श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ है। संगम पहुंचने के सभी रास्तों में 10 से 15 किमी लंबा जाम लगा है। वाराणसी, लखनऊ, कानपुर और रीवा से प्रयागराज आने-जाने वाले रास्तों पर 25 किमी तक गाड़ियां रेंग रही हैं।

संगम में डुबकी लगाने जाने वालों और वहां से लौटने वाले श्रद्धालु भूखे-प्यासे जाम खुलने का इंतजार कर रहे हैं। प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ को मैनेज करने के लिए इमरजेंसी क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया गया। भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम स्टेशन को बंद करना पड़ा। लखनऊ लौट रहे एक श्रद्धालु आकाश द्विवेदी ने बताया- उनकी गाड़ी 3 घंटे से मलाका गांव के जाम में फंसी है। वहीं, महाकुंभ से मध्यप्रदेश जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस सड़क



किनारे पलट गई है। हादसे में 12 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए। आज सुबह मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में आग लग गई। इसमें एक कल्पवासी टेंट जल गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई। इधर, अखिलेश यादव ने भी कन्नौज के पास लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से मुलाकात की। वह शनिवार रात सैफई जा रहे थे।

# पाकिस्तान के गद्दाफी स्टेडियम की पोल खुली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच शनिवार को ट्राईसीरीज का पहला मैच खेला गया। इस मुकाबले में ऑलराउंडर में रचिन रविंद्र चोटिल हो गए। उनके चोटिल होने के बाद पाकिस्तान की मेजबानी पर सवाल उठ गए हैं। सोशल मीडिया पर फैंस आरोप लगा रहे हैं कि रचिन रविंद्र गद्दाफी की कराब लाइटिंग के कारण चोटिल हुए हैं।

ट्राईसीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी करते हुए 330 रन बनाए। इसके बाद पाकिस्तान की टीम बल्लेबाजी करने उतरी। मैच के 38वें ओवर में रचिन दर्दनाक हादसे के शिकार हुए। न्यूजीलैंड के लिए ये ओवर माइकल ब्रेसवेल डाल रहे थे। ओवर की तीसरी गेंद पर पाकिस्तानी बल्लेबाज खुशदिल शाह ने डीप स्क्वॉयर पर दमदार शॉट खेला। रचिन की ओर गेंद गई तो लगा कि वह आसानी से उसे लपक लेंगे। हालांकि, गेंद उनके सिर पर लगी।

गेंद लगते ही रचिन जमीन पर बैठ गए। थोड़ी देर में उनके सिर से खू निकलता हुआ दिखने लगा जिसके बाद पूरा स्टेडियम शांत हो गया। रचिन के सिर पर तौलिया रखकर खून रोकने की कोशिश की गई और उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया।

इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर कई यूजर्स का दावा है कि खराब लाइटिंग के कारण से रचिन रविंद्र गेंद नहीं देख पाए।

# दूसरे वनडे में वरुण चक्रवर्ती का हुआ डेब्यू, विराट कोहली की हुई वापसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड की टीमें दूसरे वनडे के लिए कटक के बाराबाती स्टेडियम में आमने-सामने हैं। मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। इस मुकाबले के जरिए वरुण चक्रवर्ती अपना वनडे डेब्यू करेंगे। वहीं भारत की प्लेइंग इलेवन में विराट कोहली की वापसी हुई है।



मुकाबले के लिए टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव देखने को मिले। पिछले मुकाबले मे ओपनिंग करने वाले यशस्वी जायसवाल इलेवन से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह विराट कोहली वापस आए हैं। वहीं कुलदीप यादव को आराम दिया गया है जिनकी जगह वरुण चक्रवर्ती का वनडे डेब्यू हुआ है।

वहीं इंग्लैंड ने मुकाबले की प्लेइंग इलेवन में तीन बदलाव किए। इंग्लिश टीम की प्लेइंग इलेवन में मार्क वुड, गस एटकिंसन और जेमी ओवरटन आ गए हैं।

टॉस जीतने के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि, हम आज पहले बल्लेबाजी करेंगे। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। लंबे समय तक बेहतर खेलेंगे और उम्मीद है कि आज का दिन अच्छा रहेगा। ये थोड़ा सूखी, काली मिट्टी है, अच्छा विकेट दिख रहा है।

जबकि टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि, पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन था। मुझे ये अच्छा लगा कुछ समय तक मैदान पर नहीं रहने के बावजूद ऊर्जा बहुत अच्छी थी। दो विकेट खाने के बाद ये देखना शानदार था। श्रेयस को अपने इरादे और रवैये पर गर्व है और शुभमन और अक्षर के योगदान को भी नहीं भूलते। काली मिट्टी, पक्का नहीं है। शायद धीमी गति से खेलें, मै यही उम्मीद करता हूं।

# कटक में विराट कोहली लगा सकते हैं शतक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली घुटने में सूजन के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पहला वनडे मुकाबला नहीं खेल पाए थे। लेकिन कटक में खेले जाने वाले दूसरे वनडे में उनकी वापसी तय मानी जा रही है। अगर विराट कोहली दूसरा वनडे खेलते हैं तो वह बाराबती स्टेडियम में शतक लगा सकते हैं। टीम इंडिया और फैंस भी कोहली से बेहतरीन पारी की उम्मीद कर रहे हैं। कोहली इस समय फॉर्म से जूझ रहे हैं। रणजी ट्रॉफी में भी वह फेल हुए थे। इसलिए सभी की नजरें अब कटक वनडे पर हैं। हालांकि, आंकड़ें देखें तो कोहली का बल्ला इस मैदान पर शांत ही रहा है। ऐसे में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद करना बेईमानी होगी। कटक के बाराबती स्टेडियम में कोहली के आंकड़ें देखे जाएं तो वो चिंताजनक हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इस मैदान पर अभी तक कुल चार वनडे मैच खेले हैं और इनमें से एक भी मैच में उनके बल्ले से शतक नहीं निकला है। इन चार मैचों में कोहली ने कुल 118 रन बनाए। कोहली ने इस मैदान पर एक मैच इंग्लैंड के खिलाफ भी खेला है जिसमें वह सिर्फ आठ रन बनाकर आउट हो गए थे। वहीं श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने एक मैच में 22 रनों की पारी खेली थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्होंने इस मैदान पर कुल दो मैच खेले हैं जिनमें 88 रन बनाए हैं।

# कटक में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर चुनी बैटिंग, वरुण चक्रवर्ती का वनडे में डेब्यू, विराट की हुई वापसी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। जिसका दूसरा वनडे मैच 9 फरवरी यानी आज कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच में इंग्लैंड की टीम के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। इससे पहले नागपुर में खेले गए पहले वनडे मैच में टीम इंडिया ने 4 विकेट से जीत हासिल की और सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। अब रोहित की पलटन का मिशन दूसरे वनडे मैच को जीतकर सीरीज पर कब्जा करने का है।

दोनों टीमें इस प्रकार-

भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।

इंग्लैंड-जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, फिल सॉल्ट, जेमी स्मिथ, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल राशिद और मार्क वुड।

## कटक में दूसरे वनडे में शुभमन गिल बना डालेंगे वर्ल्ड रिकॉर्ड

भारत और इंग्लैंड कुछ ही देर में कटक के बाराबती स्टेडियम में दूसरा वनडे खेला जाएगा। इस मुकाबले में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल इतिहास रच सकते हैं। पहले वनडे में गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। जिसके बाद कटक में भी फैंस उनसे बेहतरीन पारी की उम्मीद कर रहे हैं। गिल वर्ल्ड रिकॉर्ड से महज 85 रन दूर हैं। ऐसे में वह साउथ अफ्रीका के दिग्गज खिलाड़ी हाशिम अमला को पछाड़ सकते हैं।




शुभमन गिल ने अभी तक खेले गए अपने 48 मैचों में 2415 रन बनाए हैं। वह 2500 वनडे रन के आकंड़े से 85 रन ही दूर हैं। अगर कटक में वह कम से कम 85 रन बना लेते हैं तो वह सबसे कम पारियों में 2500 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। कटक में अगर गिल ये कारनामा करते हैं तो वह 50 से कम पारियों में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। फिलहाल ये रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका के हाशिम अमला के नाम है। हाशिम ने 53 पारियों में वनडे में 2500 रन बनाए थे।

शुभमन गिल ने 31 जनवरी, 2019 में वनडे में डेब्यू किया था। न्यूजीलैंड के हैमिल्टन में उन्होंने पहले वनडे में 9 रन बनाए। अब तक उन्होंने 48 मैचों में 2415 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 6 शतक और एक दोहरा शतक भी लगाया है। वहीं 15 अर्धशतक भी जड़े हैं। पहले वनडे में गिल ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की थी।

## रचिन रविंद्र का मेडिकल अपडेट आया सामने, जानें कब होगी मैदान पर वापसी?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन रविंद्र को पाकिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय वनडे सीरीज के पहले मुकाबले के दौरान माथे पर चोट लगी गई थी। एक गेंद कैच पकड़ते हुए उनके सीधे माथे पर लगी थी। गेंद लगने के कुछ सेकेंड बाद ही उनके माथे से खून निकलने लगा था। खून पानी की तरह बह रहा था। जल्द ही डॉक्टर और फीजियो मैदान पर पहुंचे थे और उन्हें मैदान से बाहर लाया गया था। इसके बाद उन्होंने मैच में हिस्सा नहीं लिया था और अब वे अगले मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं हैं। इस बात की जानकारी न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने दी है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने रचिन रविंद्र को लेकर अपडेट जारी की है, रचिन रविंद्र को 8 फरवरी लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे ट्राई-सीरीज में गेंद लगने से माथे पर चोट लग गई। रचिन रविंद्र के सिर पर चोट का प्रारंभिक मूल्यांकन किया गया और चोट के लिए टांके लगाने पड़े, जिसका उपचार मैदान पर ही किया गया। वह अन्यथा ठीक हैं और एचएटी प्रोटोकॉल के तहत उनकी निगरानी जारी रहेगी। कल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले मैच में उनके खेलने की संभावना कम है। 10 फरवरी को साउथ अफ्रीका से न्यूजीलैंड को खेलना है।

माना जा रहा है कि, रचिन रविंद्र के चोटिल होने के पीछे की वजह लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम की फ्लडलाइट्स हैं जो नीची लगी हुई हैं। व्हाइट फ्लडलाइट्स हैं तो गेंद उनके अंदर से आएगी तो पता नहीं चलेगा। यही बात शायद रचिन के साथ हुई, क्योंकि वे कैच पकड़ने की पोजिशन में थे, लेकिन गेंद जब उनके माथे पर लगी तो उनके हाथ काफी नीचे थे। एक प्रोफेशनल क्रिकेटर के सात कबी भी ऐसा नहीं हो सकता।

# सिंधू चोट के कारण चीन में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण चीन में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है जिससे देश की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक का रंग सुधारने की संभावनाओं को बड़ा झटका लगा है। यह टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक किंगदाओ में खेला जाएगा। भारतीय खिलाड़ी अभी गुवाहाटी में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। सिंधू के अलावा शिविर में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय के साथ-साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी भी हिस्सा ले रही है। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। सिंधू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं भारी मन से यह बता रही हूं कि मैं बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। चार फरवरी को गुवाहाटी में ट्रेनिंग के दौरान मुझे अपनी पैर की मांसपेशियों में दर्द महसूस हुआ। अपने देश के लिए पट्टी लगाकर खेलने के प्रयास करने के बावजूद एमआरआई से पता चला है कि मुझे शुरुआत में जितना लगा था चोट के ठीक होने में उससे अधिक समय लगेगा।''सिंधू बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला महिला एकल स्वर्ण पदक जीतने के बाद से चोटों से जूझ रही हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी से नाम वापस लेंगे रोहित शर्मा! हार्दिक पंड्या को मिलेगी कप्तानी?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से होने वाला है। इस बड़े टूर्नामेंट से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म टीम इंडिया के लिए बड़ी परेशानी बन कर खड़ी हो रखी है। रोहित ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद से ही कोई बड़ी पारी नहीं खेली है, ऐसे में टीम में उनकी जगह पर भी सवाल उठ रहे हैं। वह फिलहाल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रहे हैं। इस सीरीज के पहले मैच में भी रोहित फ्लॉप रहे। इसी बीच रोहित को लेकर एक बड़ा दावा किया जा रहा है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है। रोहित शर्मा के लिए पिछले कुछ महीने इंटरनेशनल क्रिकेट में काफी खऱाब रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी वह रन बनाने में नाकाम रहे थे, जिसके बाद उनके संन्यास की खबरें भी सामने आई थीं। हालांकि, उन्होंने साफ कर दिया था कि वह खेलना जारी




रखेंगे। लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर में खेले गए पहले वनडे में भी वह फेल रहे और उन्होंने 7 गेंदों में महज 2 रन ही बनाए। इसी बीच कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अगर रोहित सीरीज के बाकी 2 मैचों में भी फ्लॉप रहते हैं तो वह खुद चैंपियंस ट्रॉफी से अपना नाम वापस ले सकते हैं। रोहित शर्मा के लिए इंग्लैंड सीरीज के बाकी 2 मैच काफी अहम रहने वाले हैं। इन मैचों में भी अगर रोहित रन नहीं बना पाते हैं तो वह बड़ा फैसला ले सकते हैं। वहीं ये भी दावा किया जा रहा है कि रोहित बाहर होते हैं तो हार्दिक पंड्या इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की कमान संभाल सकते हैं। हालांकि, शुभमन गिल टीम इंडिया के लिए वनडे में उपकप्तान हैं। लेकिन हार्दिक पंड्या के पास कप्तानी का ज्यादा अनुभव हैं और वह कई बड़े मौकों पर टीम इंडिया की कमान संभाल चुके हैं।

# मुंबई इंडियंस के नाम एक और खिताब




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के बाद अब दुनियाभर में टी20 लीग्स में भी मुंबई इंडियंस का वर्चस्व देखने को मिल रहा है। एमआई ने अपना 11वां टी20 खिताब एसए20 लीग का चैंपियन बनकर जीता। दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को हराकर एमआई केपटाउन ने पहली बार एसए20 लीग पर अपना कब्जा जमाया है। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस के कैबिनेट में एक और ट्रॉफी जुड़ चुकी है। बात एमआई की कामयाबी की करें तो 5 आईपीएल खिताब के अलावा ये फ्रेंचाइजी दो चैंपियंस लीग टी20 ट्रॉफी (2011, 2013) एक डब्ल्यूपीएल खिताब (2023), एक एमएलसी (2023) और एक आईएलटी20 2024 ट्रॉफी भी अपने नाम की है। बात मुकाबले की करें तो टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए एमआई केपटाउन ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 181 रन बोर्ड पर लगाए। टीम का कोई बल्लेबाज भले ही 40 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाया हो, लेकिन सभी के योगदान से टीम इस स्कोर तक पहुंच पाई।

39 रनों के साथ कॉनर एस्टरहुइजन टीम के टॉप स्कोरर रहे, वहीं डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंदों पर 8 तो ओपनर रयान रिकेल्टन ने 15 गेंदों पर 33 रनों की तूफानी पारी खेली। इस स्कोर का पीछा करने उतरी सनराइजर्स ईस्टर्न केप की टीम ने एमआई के आगे घुटने टेक दिए और पूरी टीम 18.4 ओवर में महज 105 रन ही बना पाई।

मुंबई की तरफ से ट्रेंट बोल्ड ने एकबार फिर धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में 4 ओवर के कोटे में महज 9 रन खर्च कर दो विकेट अपने नाम किए। वहीं कगिसो रबाडा को 4 सफलताएं मिली।

# उप मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति बस्ती में रोड का किया भूमिपूजन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नगर निगम के वार्ड क्रमांक चार चोरहटा में अनुसूचित जाति बस्ती खोखम में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया। नगर निगम द्वारा कायाकल्प योजना से बनाई जा रही इस रोड की लागत दो करोड़ 38 लाख 87 हजार रुपए है। इसकी कुल लंबाई 3590 मीटर है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं खोखम बस्ती वालों को दो करोड़ 38 लाख रुपए की सड़क की सौगात देने आया हूं। इस बस्ती में 6 माह में चार मीटर चौड़ाई की सीसी रोड का निर्माण हो जाएगा। इससे आवागमन सुगम होने के साथ क्षेत्र का विकास भी होगा। इस सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री जी द्वारा विधायक क्षेत्र विकास निधि से रीवा के लिए स्वीकृत 19 करोड़ रुपए की राशि से किया जा रहा है। हमारी सरकार जनता से पूछकर उनकी इच्छा के अनुसार विकास के कार्य कर रही है। खोखम बस्ती में अधोसंरचना विकास के सभी कार्य कराए जाएंगे। इस सड़क के निर्माण के लिए यहाँ के पार्षद दारा सिंह जी ने विशेष प्रयास किया। उन्हें मैं सड़क निर्माण के लिए बधाई देता हूँ। समारोह में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह ने सड़क निर्माण का तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, पार्षदगण, राजगोपाल मिश्रचारी, डीएन शुक्ला, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## जनजातीय कार्य मंत्री आज आएंगे रीवा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जनजातीय कार्य एवं लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह 10 फरवरी को रीवा आएंगे। मंत्री शाह 9 फरवरी को रात 10 बजे रानी कमलापति स्टेशन भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा प्रस्थान कर 10 फरवरी को प्रातः 8 बजे रीवा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। मंत्री शाह कार द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 11.30 बजे प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ स्नान एवं तीर्थदर्शन करेंगे। जनजातीय मंत्री शाम 6 बजे प्रयागराज से प्रस्थान कर रात 10 बजे रीवा पहुंचकर रात 10.20 बजे रीवा-भोपाल सुपरफास्ट ट्रेन से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

**तीर्थयात्रियों के लिए व्यवस्थाएं बनाने में दिनभर जुटा रहा प्रशासन**

# तीर्थयात्रियों को निःशुल्क भोजन और पानी का किया गया वितरण

### विधायक सहित कमिश्नर, कलेक्टर तथा एसपी ने स्थिति का लिया जायजा





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों की संख्या में कमी नहीं हो रही है। रीवा से प्रयागराज मार्ग पर लगातार वाहनों का दबाव बना हुआ है। चाकघाट से आगे भीड़ बढ़ने पर चाकघाट, श्रीयुत कालेज गंगेव तथा बेला में वाहनों को रोका गया। प्रयागराज के अधिकारियों से सतत संपर्क कर सड़कों पर गुंजाइश बनने के बाद धीरे-धीरे वाहन छोड़े जा रहे हैं। हाइवे पर प्रयागराज जाने वाले रूट तथा आने वाले मार्ग दोनों पर वाहनों की बड़ी संख्या है। विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति तथा कमिश्नर बीएस जामोद ने श्रीयुत कालेज में ठहरे तीर्थयात्रियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह लगातार व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं। कलेक्टर तथा एसपी ने मनगवां और गंगेव पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने तीर्थयात्रियों को भोजन, पानी, चाय-नाश्ता दिए जाने की जानकारी ली। उन्होंने तीर्थयात्रियों से कहा कि वह थोड़ा प्रतीक्षा करें। यातायात को सुगम बनाने का कार्य जारी है। यातायात सुगम होते ही उन्हें यहाँ से प्रयागराज के लिए रवाना कर दिया जाएगा। प्रयागराज जाने वाले वाहनों के लिए यातायात व्यवस्थित करने एवं यात्रियों की परेशानियों को दूर करने के लिए प्रशासनिक अमला दिनभर जुटा रहा। गंगेव में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सपना त्रिपाठी तथा एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी ने वाहनों को व्यवस्थित कराने के साथ दिन भर तीर्थयात्रियों को निःशुल्क भोजन एवं पानी का वितरण कराया। चाकघाट में एसडीएम त्योंथर संजय जैन, नगर परिषद अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर ने व्यवस्था की कमान संभाली। चाकघाट रैनबसेरे में लगातार भोजन और पानी का वितरण कराया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने चाकघाट और गंगेव में अतिरिक्त मेडिकल टीम भेजकर यात्रियों की जाँच कर दवाएं वितरित कराईं। ग्राम चंदेही में जल निगम तथा पीएचई विभाग की टीम ने तीर्थयात्रियों को निःशुल्क भोजन एवं पानी का वितरण किया। प्रशासन के साथ-साथ अनेक सामाजिक संगठन भी तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए आगे आए। त्योंथर के पंडित चन्द्रशेखर युवा उत्थान संस्थान ने तीर्थयात्रियों को निःशुल्क भोजन और पानी का सोहागी बाईपास में वितरण किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर राहुल पाण्डेय ने ग्राम पंचायत सोहागी, ग्राम पंचायत अंजोरा, मझिगवां, ग्राम पंचायत कटरा, ग्राम पंचायत घूमा में पंचायत पदाधिकारियों के सहयोग से तीर्थयात्रियों को निःशुल्क भोजन का वितरण कराया।

ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा कई स्थानों पर पानी के टैंकर भेजकर तीर्थयात्रियों के लिए पानी उपलब्ध कराया गया। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए तथा वाहनों को सुगमता से आगे बढ़ाने के लिए बेला से लेकर चाकघाट तक पुलिस अधिकारी एवं सुरक्षाकर्मी लगातार मुस्तैद रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, एसडीओपी त्योंथर उदित मिश्रा, एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति विभिन्न स्थानों के थाना प्रभारी तथा पुलिसकर्मी व्यवस्थाएं बनाने में लगातार जुटे रहे।

## कमिश्नर ने सीईओ रायपुर कर्चुलियान को किया निलंबित

**रीवा .** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के तहत की गई है। महाकुंभ मेले में लगाई गई ड्यूटी बिना सूचना अनुपस्थित रहने तथा कर्त्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। सिंह को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

## कलेक्टर ने चार लापरवाह अधिकारियों को दिया वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस

**रीवा .** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने चार लापरवाह अधिकारियों को दो वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस दिया है। कलेक्टर ने जिला पंजीयक संध्या सिंह, जिला खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी विनय वर्मा तथा सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी राजीव शुक्ला को वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस दिया है। इन सभी अधिकारियों को प्रयागराज महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए 8 फरवरी एवं 9 फरवरी को निर्धारित स्थलों पर तैनात करने के आदेश दिए गए थे। चारों लापरवाह अधिकारी ड्यूटी स्थल से निर्धारित दिवसों में अनुपस्थित पाए गए तथा उनके मोबाइल फोन बंद पाए गए। इसे कर्त्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना मानते हुए नोटिस दिया गया है। नोटिस का 11 फरवरी को प्रात: 11 बजे कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समय सीमा का पालन न करने तथा उत्तर संतोषजनक न होने पर वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही होगी।

## मुख्यमंत्री आज जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की राशि

**रीवा .** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 10 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से किसान सम्मान निधि पंजीकृत किसानों के बैंक खाते में जारी करेंगे। मुख्यमंत्री देवास जिले के सोनकच्छ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में किसानों को सिंगल क्लिक से राशि जारी करेंगे। रीवा जिले के एक लाख 68 हजार से अधिक किसानों के खाते में राशि पहुंचेगी।

## हनुमना विकासखण्ड में आज से खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज जिले के हनुमना विकासखण्ड में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक विशेष अभियान चलाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि दवा दो साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को दी जाएगी। गर्भवती महिलाओं, गंभीर रोग से पीड़ितों तथा दो साल से कम आयु के बच्चों को दवा नहीं खिलाई जाएगी। अभियान के दौरान 10 से 14 फरवरी तक निर्धारित बूथों में दवा खिलाई जाएगी। नाश्ता अथवा हल्का भोजन करने के बाद ही दवा दी जाएगी। जो व्यक्ति शेष बचेंगे उन्हें 14 से 21 फरवरी तक घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। इसके बाद भी जो व्यक्ति दवा खाने से वंचित रह जाएंगे उन्हें 22 से 25 फरवरी तक मापअप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। प्रत्येक बूथ में दल तैनात कर दिए गए हैं। अभियान की निगरानी के लिए जिला और विकासखण्ड स्तर से दल तैनात किए गए हैं।

## भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ति 20 फरवरी तक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने बताया है कि हुजूर तहसील के ग्राम बाबूपुर की आराजी नम्बर 87 कुल क्षेत्रफल 4.4310 हेक्टेयर में से अंश भाग 0.008 हेक्टेयर इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड को आवंटित किया जाना प्रस्तावित है। इसी तरह आराजी नम्बर 855 क्षेत्रफल 4.1360 हेक्टेयर के अंश भाग 0.240 हेक्टेयर में विद्युत सब स्टेशन के निर्माण के लिए कार्यपालन अभियंता शहर संभाग रीवा को आवंटित की जा रही है। इन दोनों भूमि के आवंटन का प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में लंबित है। भूमि आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह 20 फरवरी 2025 तक तहसीलदार हुजूर न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## उप मुख्यमंत्री ने भैरवनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुढ़ क्षेत्र का भ्रमण करते हुए भैरवनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित मंदिर का अवलोकन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ पर चतुर्भुजधारी भगवान भैरवनाथ की प्रतिमा खुले में पड़ी हुई थी। बदवार में सोलर प्लांट की स्थापना के बाद उसके सीएसआर मद से भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है। इसके समीप ही गौशाला का भी निर्माण किया जा रहा है जिसमें पाँच हजार से अधिक गायों को आश्रय मिलेगा। इन दोनों कार्यों का अगले माह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया सिंह, राजेश पाण्डेय तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने दुर्मनकूट में देवरहा बाबा की प्रतिमा का किया महाभिषेक



### दुर्मनकूट धाम प्राकृतिक सौंदर्य और आस्था का केन्द्र बनेगा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** गुढ़ तहसील के ग्राम दुआरी में दुर्मनकूट धाम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ब्रम्हर्षि देवरहा बाबा की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लिया। उप मुख्यमंत्री ने देवरहा बाबा की प्रतिमा का महाभिषेक तथा पूजा अर्चना की। इस अवसर पर आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देवरहा बाबा ईश्वर तुल्य संत थे। बड़े-बड़े राजनेता और अन्य लोग उनका आशीर्वाद पाने के लिए लालायित रहते थे। उनके जैसा संत सदियों में जन्म लेता है। देवरहा बाबा ने दुर्मनकूट की गुफा में वर्षों साधना की थी। उनकी यह तपोभूमि प्राकृतिक सौंदर्य और आस्था का केन्द्र बनेगी। पूरे स्थल का सुव्यवस्थित विकास किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्मनकूट में विकास के कई कार्य किए जा रहे हैं। विधायक जी के प्रयासों से मगरदहा बांध का निर्माण होगा। दुर्मनकूट जैसे पवित्र स्थल हमें सनातनी परंपरा के उज्ज्वल इतिहास की याद दिलाती है। भावी पीढ़ी इन जैसे स्थानों से प्रेरणा लेकर प्रकृति और सनातन का महत्व समझेगी। विकास के साथ-साथ हमें अपनी परंपराओं को भी सहेजना है। रीवा में चारों ओर तेजी से विकास हो रहा है। यह विकास संतों और गौमाता के आशीर्वाद के बिना संभव नहीं था। गौमाता कहीं भी असहाय नहीं रहेगी। भैरवनाथ मंदिर के समीप पाँच हजार गायों के लिए गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। विधायक जी के प्रयासों से भैरवनाथ में भी भव्य मंदिर तैयार हो गया है। औद्योगिक क्षेत्र गुढ़ तथा नगर पंचायत गुढ़ को पर्याप्त पानी देने के लिए 20 करोड़ रुपए की लागत से जल प्रणाली विकसित की जा रही है। इससे पाँच एमएलडी पानी प्राप्त होगा। इन सभी कार्यों का अगले माह मुख्यमंत्री जी लोकार्पण करेंगे।

समारोह में विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ने कहा कि यहाँ के समाजसेवी स्वर्गीय लवकुश प्रसाद अग्निहोत्री को देवरहा बाबा ने स्वप्न में बताया कि मैंने दुर्मनकूट की गुफा में लंबे समय तक तपस्या की थी। देवरहा बाबा की प्रेरणा से अग्निहोत्री ने 1980 से दुर्मनकूट के विकास के प्रयास शुरू किए। दुर्मनकूट में 25 मंदिर, गुफा, अनेक प्रतिमाएं तथा अन्य स्थल हैं। मुख्य मार्ग से दुर्मनकूट तक की सड़क का निर्माण विधायक निधि से किया जाएगा। समारोह के संयोजक जितेन्द्र मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि परम तपस्वी देवरहा बाबा ने दुर्मनकूट में वर्षों बरस तपस्या की। इस स्थल को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। समाजसेवी लवकुश अग्निहोत्री ने जो सपना देखा था उसे हम सब मिलकर पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। समारोह में डॉ बीके शुक्ला दुर्मनकूट विकास समिति अध्यक्ष ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए क्षेत्र में सिंचाई सुविधा देने, गौशाला निर्माण, उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने तथा मगरदहा बांध निर्माण की मांग रखी।

समारोह में उप मुख्यमंत्री को कार्यक्रम के संयोजक द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह स्थल में स्वास्थ्य विभाग तथा आयुर्वेद विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। समारोह में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष गुढ़ अर्चना सिंह, राजगोपाल मिश्रचारी, राजेश पाण्डेय, डॉ विनोद पाण्डेय, विश्वम्भर पटेल, जयराम शुक्ला, पूर्व जनपद अध्यक्ष लालबहादुर सिंह, अरूण सिंह, मुनिराज पटेल, जनपद के प्रभारी सीईओ जीएन श्रीवास्तव तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## फिगर फिटनेस हेल्थ क्लब में हुआ जागरूकता कार्यक्रम




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में जिताने हेतु नगर पालिक निगम सतना के तत्वावधान में इंजी.धर्मेंद्र सिंह ने जागरूकता कार्यक्रम संपन्न किया! सभी से कचरे की मात्रा को चार हिस्से में अलग-अलग करके गीला कचरा अलग सूखा अलग घरेलू हानिकारक अलग और सेनेटरी नैपकिन डायपर अलग-अलग करके अलग-अलग रंग की हरी नीली आदि डस्टबिन के माध्यम से ही कचरा मांगने वाली गाड़ी को देने का अनुरोध किया गया!

कार्यक्रम में सभी से चार आर अपनाने पर विशेष जोर दिया गया! पहला आर कचरे की मात्रा को रिड्यूस यानी कम करने हेतु,सब्जी फल एवं फूल के छिलकों से हर घर में होम कंपोस्टिंग कर उसे खाद में बदलना तदुपरांत उस खाद के उपयोग से अधिक से अधिक हरियाली एवं वृक्षारोपण का प्रयास करना! दूसरा आर कचरे की मात्रा को रीयूज -पुनः इस्तेमाल हेतु वेस्ट टू आर्ट,नेकी की दीवार- सामग्री के आदान-प्रदान और बर्तन बैंकों के उपयोग का सुझाव दिया गया! तीसरा आर रीसायकल तथा चौथा आर सिंगल यूज प्लास्टिक को रिफ्यूज करना-इनकार करना!

कार्यक्रम में इंजी.धर्मेंद्र सिंह ने तन मन की स्वच्छता के सभी पहलुओं पर जोर दिया तथा संस्कार स्वच्छता,स्वभाव स्वच्छता की अवधारणा पर बल दिया गया! सभी से सतना के हर गली मोहल्ले में बेहतर स्वच्छता लाने का प्रयास करने का संकल्प कराया गया !

कार्यक्रम में सुनील बाल्मीक, आकाश नामदेव,अंश रजक, हिमांशु बाल्मीक, यशवंत यादव, जयसिंह गुप्ता,सोम्य बाल्मीक आदि अनेक लोगों ने भाग लिया तथा अंत में फिगर फिटनेस हेल्थ क्लब कृष्णनगर परिवार की ओर से सुनील वाल्मिक द्वारा इंजीज़्धर्मेंद्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया गया !

## मंत्री गोविंद ने किये मां शारदा के दर्शन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रयागराज महाकुंभ से लौटकर मैहर में प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने रविवार को मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सुगम यातायात को लेकर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता बगहा बाईपास पहुंचकर महाकुंभ प्रयागराज जाने वाले और वहां से लौटकर चित्रकूट, मैहर आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की सुगम आवागमन की व्यवस्थायें देखी। कलेक्टर ने यातायात की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन और सुविधा के लिए राष्ट्रीय मार्ग बेला और चित्रकूट मार्ग पर अस्थाई टेंट लगाकर पेयजल, प्रसाधन, रूकने, ठहरने और भोजन की वैकल्पिक व्यवस्था के प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। रामपुर बघेलान तहसील में बेला तिराहे पर बेला समिति और लामी करही समिति द्वारा श्रद्धालुओ को पानी की बोतल और लंच पैकेट भी बांटे जा रहे हैं। कलेक्टर ने एसडीएम रामपुर बघेलान को भोजन की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए उचित दर पर भोजन सामग्री विर य की दुकानें भी लगवाने को कहा है।

## कलेक्टर एवं एसपी पहुंचे चित्रकूट

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने रविवार को चित्रकूट पहुंच कर कुंभ मेले से चित्रकूट आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने भरत घाट में नाव में बैठकर मंदाकिनी नदी घाट और परिवहन के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने गुप्त गोदावरी, कामतानाथ सहित अन्य धार्मिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर एवं एसपी ने चित्रकूट मार्ग पर बगहा बायपास, सोनौर मोड कोठी, पिण्डरा, मझगवां में सुगम आवागमन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं के पेयजल, प्रसाधन की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये।

## कलेक्टर ने देखी सुरक्षा व्यवस्था

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने रविवार को प्रयागराज महाकुंभ परिवहन की बढ़ती वाहनों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ को कंट्रोल करने के लिए मैहर जिले के झुकेही में व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एएसपी मुकेश वैश्य, एसडीएम विकास सिंह, थाना प्रभारी संजय दुबे सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर और एसपी ने अमरपाटन पहुंच कर खरमसेडा टोल प्लाजा पर ट्राफिक व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा श्रद्धालुओं को समझाईश दी।

## सोहावल में आयोजित फटबाल प्रतियोगिता में शामिल हुई राज्यमंत्री

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रविवार को रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सोहावल में आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट में सम्मिलित होकर खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को आगे बढ़ने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करती हैं। राज्यमंत्री ने सभी युवा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

## प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रूकने, ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार प्रशासनिक एवं हितग्राहियों/श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निर्देश जारी किये हैं। प्रयागराज उत्तरप्रदेश महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को वर्तमान स्थिति को देखते हुए अस्थाई रूप से बेला बाई पास तालाब के मैदान में बने हुए कैम्प में रूकने की अस्थाई व्यवस्था की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामपुर बघेलान ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो, को दृष्टिगत रखते हुए आप मौके से उपस्थित होकर श्रद्धालुओं के लिए रूकने, ठहरने हेतु अस्थायी टेन्ट, उचित दर पर चाय एवं नास्ता की दुकानें, चलित शौचालय एवं भोजन की वैकल्पिक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। जिससे किसी भी प्रकार की श्रद्धालुओं को समस्या का सामना न करना पडे। साथ ही उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर बघेलान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमरपाटन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत रामपुर बघेलान तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रामपुर बघेलान, अमरपाटन को भी व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।